डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

पृष्ठ सोमवार कार्तिक [illegible] 10 2021 [illegible] 36 [illegible]

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह

मध्यप्रदेश के विकास में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश के विकास और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए एक अभियान संचालित कर प्रत्येक नागरिक को जोड़ने का प्रयास किया जाए। प्रदेश आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर हो रहे राज्य स्तरीय दिवस के मुख्य समारोह में सभी कार्यक्रम गरिमामय रूप से सम्पन्न किए जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित निवास पर हुई बैठक में प्रदेश के 66वें स्थापना दिवस समारोह के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहीं। एक नवम्बर को भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में संस्कृति विभाग द्वारा मुख्य समारोह शाम को आयोजित होगा। इसी दिन पूर्वाह्न में मंत्रालय में पारंपरिक कार्यक्रम भी होगा, जिसमें राष्ट्र गीत वंदे-मातरम् के गायन में अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मध्यप्रदेश के 66वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुये।

हम कर सकते हैं और करेंगे

लाल परेड में होने वाले समारोह में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर एक नृत्य-नाटिका होगी, जिसमें नर्तक दल मंच पर 'हम कर सकते हैं और करेंगे' का आह्वान करेंगे। इस प्रस्तुति का मंचीय आकल्पन किया गया है। विशेष प्रकाश संयोजन और आकर्षक नृत्य मुद्राओं के साथ इस प्रस्तुति के लिए कोरियोग्राफी की गई है।

प्रदेश की धरोहर पर भी लघु प्रस्तुति होगी

मुख्य समारोह में मध्यप्रदेश की विशेषताओं पर केंद्रित एक लघु कार्यक्रम भी प्रस्तुत होगा। प्रख्यात कलाकार मैत्रेयी पहाड़ी अपने कलाकार दल के साथ प्रस्तुति देंगी। प्रदेश की पुरातात्विक धरोहर की झलक भी स्थापना दिवस मुख्य समारोह का हिस्सा होगी, जिसमें भीमबैठका, ओंकारेश्वर, सांची, उज्जैन और अन्य प्रमुख स्थानों की विशेषताओं को शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना के वातावरण से उबरने के बाद पर्याप्त सावधानियों के साथ आमजन मनोरंजन के कार्यक्रमों और सार्थक रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के इच्छुक हैं। प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम में कोविड प्रोटोकॉल के साथ सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाए। समारोह में बैठक व्यवस्था से लेकर सभी कार्यक्रमों के सम्पन्न होने तक सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क के उपयोग आदि उपायों को अपनाया जाए। श्री चौहान ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण कार्य में शासकीय विभागों के साथ ही आम जन की सहभागिता भी होना चाहिए। इसके लिए एक नवम्बर से ही ऐसे अभियान की शुरुआत भी की जाए, जिससे लोग विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित हों, सामूहिक भागीदारी के साथ विकास से जुड़ी गतिविधियों के संचालन में सम्मिलित होते हुए नए आयाम स्थापित किए जाएं। श्री चौहान ने कहा कि यह समय है जब प्रगति के लिए हर व्यक्ति अपनी भूमिका पर चिंतन करे और परिणाम भी प्रस्तुत करे। अधिकारों के साथ ही नागरिक कर्तव्यों पर विचार हो। समाज के अलग-अलग वर्गों में दायित्व बोध भी जगाया जाए।

प्रमुख सचिव संस्कृति, पर्यटन एवं जनसम्पर्क श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में एक नवम्बर की शाम 6:30 बजे से मुख्य समारोह शुरू होगा। सर्वप्रथम मध्यप्रदेश गान होगा। इसके पश्चात संस्कृति मंत्री का संबोधन होगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पर समवेत नृत्य-नाट्य प्रस्तुति होगी। इसमें लगभग 250 कलाकारों की भागीदारी रहेगी।

मेमोरंडम ऑफ एग्रीमेंट

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन लॉजिस्टिक्स देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में होगा स्थापित

भोपाल, मध्यप्रदेश में पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन लॉजिस्टिक्स की स्थापना की जा रही है। यह सेंटर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में स्थापित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और भारत सरकार की स्वायत्त संस्था लॉजिस्टिक्स सेंटर काउंसिल के मध्य दो 'मेमोरंडम ऑफ एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर हुए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में लॉजिस्टिक्स के कोर्स शुरू होने से प्रदेश के युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। भौगोलिक दृष्टि से मध्यप्रदेश केन्द्र में स्थित होने के कारण औद्योगिक दृष्टिकोण से भी यह प्रयास उद्योगों को जोड़ने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि यह सेंटर देश में पहली बार खुलने जा रहा है। 'लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल' की हर राज्य में एक सेंटर देने की योजना है।

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाले पहले 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन लॉजिस्टिक्स' में बी.ई. एवं बी.टेक. के अन्तिम वर्ष में लॉजिस्टिक्स में स्पेशलाइजेशन (60 सीट) एवं इंडस्ट्री अप्रेंटीशिप प्रोग्राम तथा लॉजिस्टिक्स एवं डाटा साइंस में दो वर्षीय एम.एस. प्रोग्राम (30 सीट), लॉजिस्टिक्स सेक्टर काउंसिल की सहभागिता से प्रारंभ होगी।

क्रेडिट आउटरीच कैम्पेन के तहत जिलों में लगेंगे मेगा कैम्प

भोपाल, भारत सरकार के निर्देश पर मध्यप्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों और विकासखण्ड स्तर पर पब्लिक सेक्टर बैंकों तथा आरआरबी द्वारा 15 नवम्बर तक क्रेडिट आउटरीच कैम्पेन चलाया जाएगा, जिसमें मेगा शिविरों का आयोजन होगा।

खास खबर

पांच दिवसीय कार्य व्यवस्था 31 मार्च 2022 तक रहेगी

भोपाल, शासकीय कार्यालयों के कार्य-दिवस सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) की व्यवस्था 31 मार्च 2022 तक प्रभावशील रहेगी। उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री डी.के. नागेंद्र ने बताया कि राज्य शासन द्वारा कोविड-19 महामारी की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में सम्पूर्ण प्रदेश के शासकीय कार्यालयों के कार्य-दिवस सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) निर्धारित किए गये थे। यह आदेश 31 अक्टूबर 2021 तक प्रभावशील है, जिसे 31 मार्च 2022 तक बढ़ाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

टेक्सटाइल इकाइयों के लिए अनेक तरह की रियायतें और सुविधाएं

भोपाल, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुरूप एमएसएमई विकास नीति- 2021 घोषित की है। नीति का उद्देश्य छोटे-छोटे उद्योगों को रियायतें और सुविधाएं देकर मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के साथ उन्हें प्रदेश में ही रोज़गार मुहैया करवाना है।

एमएसएमई विकास नीति की जानकारी देते हुए विभाग के सचिव और उद्योग आयुक्त श्री पी. नरहरि ने बताया कि अन्य उद्यमों के साथ मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल सेक्टर को संगठित कर उनका औद्योगिक उत्पादन बढ़ाकर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है।

श्री नरहरि ने बताया कि नवीन टेक्सटाइल इकाई विनिर्माण श्रेणी की एमएसएमई, जिसमें यंत्र-संयंत्र में 10 करोड़ रुपये से अधिक एवं 50 करोड़ रुपये तक का निवेश किया गया हो, को संशोधित टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड स्कीम में अनुमोदित प्लांट एवं मशीनरी के लिए, लिए गए टर्म लोन पर वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से विभिन्न श्रेणियों में ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा।

नीति अनुसार 25 करोड़ रुपये तक के स्थाई पूंजी निवेश वाली नवीन इकाई के लिए पांच वर्ष के लिए ब्याज अनुदान 2 प्रतिशत की दर से रुपये 5 करोड़ रुपये की सीमा तक दिए जाने का प्रावधान है।

इसी तरह 25 करोड़ रुपये से अधिक के स्थाई पूंजी निवेश वाली नवीन इकाई के लिए या विद्यमान स्वतंत्र इकाई, जिसके द्वारा विस्तार, शवलीकरण के लिये अमेंडेड टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड स्कीम अंतर्गत अनुमोदित प्लांट एवं मशीनरी में विद्यमान स्थाई पूंजी निवेश का कम से कम 30 प्रतिशत, जो 25 करोड़ रुपये से कम नहीं हो या 50 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, नवीन निवेश किया हो, तो 5 वर्ष के लिए 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान का प्रावधान किया गया है।

किसी इकाई को बिना उसके कार्यस्थल के दृष्टिगत, यानि कार्यस्थल मध्यप्रदेश राज्य के अंदर एक ही स्थान पर या विभिन्न स्थानों पर हो सकता है, को कम्पोजिट इकाई, जो डाउनस्ट्रीम गतिविधियों के इनपुट के रूप में प्राथमिक उत्पाद जैसे यार्न का कम से कम 75 प्रतिशत उपयोग करती हो, होना चाहिए।

शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में आठ प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुरूप वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों तथा स्थाई कर्मी को देय महंगाई भत्ते की दर में अक्टूबर 2021 से 8 प्रतिशत वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं।

वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है और उनकी सेवाओं और दक्षता का सम्मान करती है। उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों को जनवरी 2019 से सातवें वेतनमान में 12 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा था। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार अब महंगाई भत्ता दर में 8 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस प्रकार सातवें वेतनमान के अनुसार 20 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय होगा।

महंगाई भत्ते में वृद्धि करते हुए वित्त विभाग ने महंगाई भत्ते के भुगतान के संबंध में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि महंगाई भत्ते का कोई भी भाग किसी भी प्रयोजन के लिये वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा। सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि नये आदेशों के अंतर्गत देय महंगाई भत्ते के भुगतान पर किया गया व्यय संबंधित विभाग के चालू वर्ष के स्वीकृत बजट प्रावधान से अधिक नहीं हो।

इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया है कि ऐसे सभी शासकीय सेवक जिन्हें जुलाई 2020 या जनवरी 2021 की वार्षिक वेतन वृद्धि का काल्पनिक रूप से पात्रता है, उन्हें जुलाई 2020 से 1 जनवरी 2021 को देय वार्षिक वेतन वृद्धि के परिणामस्वरूप देय एरियर्स का भुगतान दो बराबर किश्तों में किया जाएगा। पहली किश्त का भुगतान नवंबर 2021 में होगा और दूसरी किश्त का भुगतान मार्च 2022 में होगा। दिनांक 1 मार्च 2022 के पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके या होने जा रहे शासकीय सेवकों को एरियर्स की देय राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। शासन के अधीन सभी उपक्रम, निगम मंडल, स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण, आयोग, विश्वविद्यालय अन्य संस्थाओं के कर्मचारियों तथा स्थाई कर्मी एवं संविदा पर नियोजित सेवारत के संबंध में प्रशासकीय विभाग समुचित निर्देश जारी कर सकेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

16 अक्टूबर

डीआरडीओ ने ड्रोन रोधी तकनीक हस्तांतरित की

● रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ड्रोन रोधी तकनीक को उद्योगों को हस्तांतरित कर दिया है। यह तकनीक उन उद्योगों को मिलेगी, जिन्होंने देश के सशस्त्र बलों और सुरक्षा बलों से आदेश लिया है। डीआरडीओ के प्रमुख जी. सतीश रेड्डी ने कहा कि डीआरडीओ ने एंटी ड्रोन तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में ड्रोन का मुकाबला करने के लिये सभी आवश्यक तत्व हैं। इस तकनीक के जरिये ड्रोन का पता लगाना, ट्रैकिंग, निगरानी और ड्रोन के सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर की प्रक्रिया आदि की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इस तकनीक को कई उद्योगों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

● कुवैत ने महिलाओं को सेना में सेवा देने की मंजूरी प्रदान की है। कुवैत के रक्षा मंत्री शेख हमद जबेर अल अली ने कहा कि सेना में अब कुवैत महिलाओं को भी प्रवेश मिलेगा। वे सैन्य सेवा में विशेष अधिकारी और गैर कमीशन अधिकारी के रूप में भर्ती हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि कुवैत में पहली बार महिलाएं सैन्य सेवा में शामिल होंगी। कुवैत में महिलाएं वर्ष 2021 से पुलिस बल में काम कर रही हैं।

17 अक्टूबर

ई-श्रम पोर्टल पर चार करोड़ असंगठित श्रमिकों ने कराया पंजीयन

● देश में असंगठित श्रमिकों के लिये शुरू किये गये ई-श्रम पोर्टल पर चार करोड़ से अधिक श्रमिकों ने पंजीकरण कराया है। यह बात केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने ट्वीट के जरिये कही। श्री यादव ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने में असंगठित कामगारों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर 4.09 करोड़ श्रमिकों ने पंजीकरण कराया है, इनमें से 50.02 प्रतिशत श्रमिक महिलाएं हैं। श्री भूपेन्द्र यादव ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों में सबसे ज्यादा श्रमिक कृषि और निर्माण क्षेत्र से हैं। इसके अतिरिक्त गृह कार्य से जुड़े श्रमिक परिधान क्षेत्र से जुड़े श्रमिक, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और परिवहन क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों ने भी इस पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

● अंतरिक्ष में चीन का सबसे लंबा मिशन शुरू हो गया है। चीन के तीन अंतरिक्ष यात्री चीन के नये अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गये हैं। इस मिशन पर अंतरिक्ष यात्री झाई झियांग, वांग यापिंग और यी गुआन्फू शामिल हैं। इन अंतरिक्ष यात्रियों को मंगोलिया के गोबी रेगिस्तान में जियुकुयान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 2 एफ रॉकेट से शेझोंग-13 स्पेस क्राफ्ट के जरिये अंतरिक्ष भेजा गया। ये अंतरिक्ष यात्री चीन के तियागोंगे अंतरिक्ष स्टेशन पर 183 दिन रहेंगे। यह चीन का अब तक का सबसे लंबा अंतरिक्ष मिशन है। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री तियागोंग अंतरिक्ष स्टेशन की तकनीक की जांच करेंगे और स्पेस वॉक करेंगे।

● रूस में कोरोना महामारी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये हैं। रूस में अब प्रतिदिन रिकॉर्ड संख्या में कोरोना संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार रूस में कोरोना संक्रमण फैलने की वजह टीकाकरण की सुस्त रफ्तार है। विशेषज्ञों ने कहा कि रूस ने दुनिया में सबसे पहले कोरोना रोधी वैक्सीन स्पुतनिक-वी बनाई। रूस ने वैक्सीन की सप्लाई विश्वभर में की, लेकिन रूस में अब तक सिर्फ 31.7 प्रतिशत आबादी को ही वैक्सीन लग सकी है।

18 अक्टूबर

सीबीएसई की प्रमुख विषयों की परीक्षाएं 24 नवम्बर से होंगी शुरू

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की टर्म-I की प्रमुख विषयों की परीक्षाएं 24 नवम्बर से शुरू होंगी। सीबीएसई ने बताया कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की टर्म वन की परीक्षाएं 15 नवम्बर से शुरू होकर 18 दिसम्बर तक चलेंगी, इसमें माइनर विषयों की परीक्षा 15 नवम्बर से तथा प्रमुख विषयों की परीक्षाएं 24 नवम्बर से शुरू होंगी। बोर्ड ने बताया कि परीक्षा के लिये सभी विषयों को माइनर और प्रमुख श्रेणी में बांटा गया है। इन्हीं श्रेणियों के आधार पर बोर्ड स्कूलों में कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं लेगा। बोर्ड ने अभी आधिकारिक तौर पर परीक्षा की तिथियों की घोषणा नहीं की है। माना जा रहा है टर्म-2 की बोर्ड परीक्षाएं मार्च-अप्रैल 2022 में आयोजित की जा सकती हैं।

● भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) को मील का पत्थर बताते हुये इसे पर्यवेक्षक का दर्जा देने के लिये संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया है। भारत ने कहा कि यह प्रस्ताव आईएसए और संयुक्त राष्ट्र के बीच नियमित सहयोग प्रदान करने में मददगार साबित होगा। इससे वैश्विक ऊर्जा वृद्धि और विकास को लाभ पहुंचेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरूमूर्ति ने मसौदा प्रस्ताव पेश करते हुये कहा कि यह हरित ऊर्जा कूटनीति के एक नये युग की शुरुआत करेगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) को भारत और फ्रांस ने साझा रूप से वर्ष 2015 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज के 21वें सम्मेलन में शुरू किया था।

19 अक्टूबर

नीति आयोग ने लॉन्च किया भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र

● नीति आयोग ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से भारत का एक व्यापक भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित ऊर्जा मानचित्र विकसित किया है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने इस मानचित्र को लॉन्च किया। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि इस मानचित्र में देश के पारंपरिक बिजली संयंत्र, तेल एवं गैस के कुएं, पेट्रोलियम रिफाइनरी, कोयला क्षेत्र तथा कोल ब्लॉक जैसे ऊर्जा प्रतिष्ठानों की जानकारी एकत्रित की गई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिसंपत्तियों का जीआईएस मानचित्रण भारत के ऊर्जा क्षेत्र के वास्तविक समय और एकीकृत योजना को सुनिश्चित करने के लिये उपयोगी होगा।

● अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिये अपने विकास पूर्वानुमान में कटौती की है। आईएमएफ ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में कोरोना महामारी के डेल्टा वेरिएंट के बढ़ते प्रकोप और टीकाकरण की धीमी रफ्तार के चलते यह कटौती की है। आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक चांगयांग री ने कहा कि आईएमएफ ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में अप्रैल 2021 के विकास पूर्वानुमान की तुलना में 1.1 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह पूर्वानुमान अब घटकर 6.5 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दुनिया का सबसे तेज बढ़ने वाला क्षेत्र है।

20 अक्टूबर

सीआईएससीई ने स्थगित कीं बोर्ड परीक्षाएं

● काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित करने का ऐलान किया है। सीआईएससीई ने इस संबंध में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गेरी अराथून ने कहा कि दोनों कक्षाओं की टर्म वन परीक्षाएं स्थगित की गई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों परीक्षाएं 15 नवम्बर से प्रारंभ होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को जल्द ही परीक्षा के नये शेड्यूल के बारे में सूचित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि सीआईएससीई ने भी सीबीएसई की तरह कक्षा दसवीं और बारहवीं में सेमेस्टर प्रणाली लागू की थी। इस प्रणाली के तहत बोर्ड वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित करेगा।

● उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी समुद्री तट से बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया के इस परीक्षण से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ सकता है। उत्तर कोरिया ने यह मिसाइल परीक्षण ऐसे वक्त में किया, जब दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के टॉप न्यूक्लियर विशेषज्ञ उत्तर कोरिया के साथ दोबारा बातचीत शुरू करने के प्रयास पर चर्चा करने के लिये वॉशिंगटन में एकत्रित हुये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरिया ने जापान के समुद्री तट के नजदीक पनडुब्बी से बैलेस्टिक मिसाइल दागी। यह मिसाइल दक्षिण हामग्योंग प्रांत के सिनको क्षेत्र से दागी गई, जो जापान सागर में गिरी। इस परीक्षण के बाद जापान की तटरक्षक बल ने अलर्ट जारी किया है।

● भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) इस महीने के अंत में आधार हैकाथॉन 2021 आयोजित करेगा। यह हैकथॉन 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा। आधार हैकाथॉन दो विषयों पर आधारित होगा। पहला विषय नामांकन और अपडेट से संबंधित है, जबकि दूसरा विषय 'पहचान और प्रमाणीकरण' समाधान से संबंधित होगा।

21 अक्टूबर

सीबीएसई विद्यार्थियों को देगा परीक्षा केंद्र बदलने की अनुमति

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के उन विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है, जो कोरोना महामारी के कारण किसी अन्य शहर में रह रहे हैं। सीबीएसई ऐसे विद्यार्थियों को टर्म-वन परीक्षा केंद्र बदलने की सुविधा देगा। सीबीएसई ने कहा कि बहुत से ऐसे विद्यार्थी हैं, जो कोरोना के चलते स्कूल बंद रहने के कारण किसी अन्य शहर में रह रहे हैं। ये विद्यार्थी अपने स्कूल के जरिये अपने परीक्षा केंद्र का शहर बदलने का अनुरोध कर सकते हैं। इसके लिये विद्यार्थी को अपने स्कूल में आवेदन करना होगा। विद्यार्थियों से मिले आवेदन को स्कूल सीबीएसई को ऑनलाइन सिस्टम से भेजेंगे।

● भारतीय नौसेना को अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग से पनडुब्बी रोधी 11वां युद्धक पी-8 आई विमान मिल गया है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय नौसेना ने वर्ष 2009 में बोइंग से आठ पी-8 आई विमान खरीदने के लिये करार किया था, लेकिन बाद में वर्ष 2016 में चार अतिरिक्त पी-8 आई विमान खरीदने का सौदा किया गया। यह विमान चार अतिरिक्त विमानों में से तीसरा विमान है। उल्लेखनीय है कि पी-8 आई बेहतरीन पनडुब्बी रोधी और टोही विमान हैं, जो युद्धक क्षमताओं से लैस है।

● केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के लिये एक



वेब आधारित परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल को भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशंस एंड जियो इंफोर्मेटिक्स द्वारा विकसित किया गया है। यह पोर्टल परियोजनाओं की शुरुआत से लेकर उसके पूरा होने तक की वास्तविक समयावधि की निगरानी करने में सक्षम होगा। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सेना की इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि इस पोर्टल के जरिये सेना की परियोजनाओं की निगरानी करने के अनेक लाभ होंगे।

22 अक्टूबर

पाकिस्तान के साथ तुर्की भी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल

● वैश्विक वित्तीय निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुये उसे ग्रे लिस्ट में बरकरार रखा है। इसके अलावा एफएटीएफ ने आतंकवाद के वित्त पोषण और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करने में विफल रहने के आधार पर तुर्की को भी ग्रे लिस्ट में डाल दिया है। पेरिस में हुई एफएटीएफ की तीन दिवसीय बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में बोत्सवाना और मॉरीशस को ग्रे लिस्ट से बाहर रखने का फैसला भी लिया गया। एफएटीएफ के अध्यक्ष मॉर्कस प्लेयर ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों और आतंकी संगठनों के खिलाफ जांच और ठोस कानूनी कार्यवाही नहीं की, जिसके चलते पाकिस्तान ग्रे लिस्ट में बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखे गये देशों को किसी भी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संगठन या देश से आसानी से कर्ज या वित्तीय मदद नहीं मिलती है।

● शिक्षा मंत्रालय स्कूलों में पढ़ाने वाले विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी को खत्म करने के लिये चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसके तहत अब विद्यार्थी बारहवीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीए-बीएड और बीएससी-बीएड जैसे पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकेंगे। इस चार वर्षीय कोर्स से विद्यार्थियों का एक वर्ष बचेगा। अभी विद्यार्थियों को बीएड करने के लिये पहले बीए, बीएससी जैसे स्नातक कोर्स करने पड़ते हैं, जिसमें तीन वर्ष लगते हैं। इसके बाद दो वर्ष का बीएड कोर्स करना पड़ता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

गांव के विकास के लिए हर कदम आपके साथ - गृह मंत्री

दतिया, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया के ग्राम हिड़ोरा एवं ग्राम गड़ी में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे गाँव के विकास के लिए हर कदम उनके साथ खड़े हैं।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक गांव का विकास चाहती है। ग्राम के बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ सकें। सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर अधिकतम व्यक्तियों तक अधिकतम लाभ पहुंचाने का निरंतर कार्य कर रही है, जिससे अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। डॉ. मिश्रा ने कहा कि वे सतत् गांव के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

गांव में आधारभूत विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। डॉ. मिश्रा ने ग्रामीणों से विकास के कार्यों में सहभागिता करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपने गांवों का विकास करना है तो अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे हमेशा जनता के साथ हर मुश्किल में हर समय उपलब्ध रहेंगे।

JOIN TARGET BATCH
CTET/MPTET
NEET/नर्सिंग
बालाजी ट्यूटोरियल्स (Since 2004)
221 वेदा बिल्डिंग, भंवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-46107/2021

वर्ष 38, अंक 43 25.10.2021 से 31.10.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य शासन की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें स्व-रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। विशेष रूप से आजीविका मिशन के माध्यम से बड़ी संख्या में बनाये गए महिला स्व-सहायता समूहों को हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि समूहों की सक्रियता से महिलाएं सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं की मेहनत और स्व-रोज़गार के प्रति जुनून आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प को पूरा करने में सहयोगी बनेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के लगभग 45 हजार ग्रामों में करीब 3 लाख 33 हजार स्व-सहायता समूहों का गठन कर लगभग 38 लाख महिलाओं को जोड़ा जा चुका है। मिशन के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिये भरपूर धनराशि का इंतजाम किया है। समूहों से जुड़ने के लिये पात्र परिवारों में शेष बचे सभी परिवारों को अगले तीन वर्षों में स्व-सहायता समूहों से जोड़ लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों को सस्ती ब्याज दर और सरल प्रक्रिया से बैंक ऋण उपलब्ध कराने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका गतिविधियों को और सुदृढ़ करने के लिये विगत वर्षों की तुलना में बैंक ऋण राशि में काफी वृद्धि की गई है। इसे राज्य सरकार द्वारा 3 सौ करोड़ रुपये से बढ़ाकर 13 सौ करोड़ रुपये किया गया है और इस वर्ष 2,550 करोड़ रुपये बैंक ऋण स्व-सहायता समूहों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। ऋण राशि पर ब्याज अनुदान भी सरकार द्वारा दिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे ब्याज का बोझ कम हो रहा है और ऋण वापसी भी सरल हो गयी है। निर्धन तबके की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार के लिये प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ-विक्रेता योजना के अंतर्गत भी 10 हजार रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस राशि के मिलने से समूहों की गतिविधियां और बढ़ गई हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रदेश की आजीविका उत्पादों को सरकारी और निजी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृहद बाजारों से जोड़ने के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा गया है, ताकि उचित दाम से सामान सीधे खरीदा और बेचा जा सके, जिसका फायदा समूह सदस्यों को अधिकाधिक मिल सकेगा। स्व-सहायता समूहों और बाजार के बीच कोई भी बिचौलिया नहीं हो, यही राज्य शासन का प्रयास है। इसके लिये राज्य शासन ने एमपी आजीविका-मार्ट पोर्टल बनाया है। यह पोर्टल समूहों द्वारा बनायी जा रही वस्तुओं को बेचने और खरीदने के लिये बहुत ही सुगम माध्यम है। इस व्यवस्था को जल्दी ही सर्वव्यापी करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि समूहों की बहनों के व्यवसाय को गति मिल सके। पोर्टल में समूह की बहनें अपने उत्पादों को दर्ज करा सकती हैं। अपना नाम, पता और फोन नंबर अंकित कर सकती हैं, जिससे खरीददार बहनों से खुद संपर्क कर सकते हैं और उत्पाद सीधे बहनों से खरीद सकते हैं। इस प्रक्रिया में समूह की महिलाओं को अधिक मुनाफा मिलना तय है। कई जिलों में करोड़ों रुपये का व्यवसाय पोर्टल के माध्यम से किया गया है। शेष जिलों में भी तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं।

कृत्रिम किडनी

किडनी मानव शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। किडनी के ठीक तरह से काम न करने पर मनुष्य को डायलिसिस का सहारा लेना पड़ता है। वैज्ञानिक किडनी के संबंध में अनेक तरह के शोध पर काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में वैज्ञानिकों ने ऐसी कृत्रिम किडनी विकसित की है, जो किडनी के मरीजों को डायलिसिस से छुटकारा की जरूरत को कम करने में कारगर है। इसे किडनी प्रोजेक्ट की टीम ने विकसित किया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि यह इम्प्लांटेबल बायोआर्टिफिशियल किडनी पीड़ित मरीजों को प्रत्यारोपण के लिये लंबे इंतजार से छुटकारा दिलायेगी। किडनी प्रोजेक्ट एक नेशनल रिसर्च प्रोजेक्ट है। इसका लक्ष्य किडनी फेलियर के उपचार के लिये सूक्ष्म बायोआर्टिफिशियल कृत्रिम किडनी बनाना है। कृत्रिम किडनी के प्रोटोटाइप का परीक्षण बेहद सफल रहा है। किडनीएक्स को अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग एवं अमेरिकन सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के बीच एक सार्वजनिक निजी साझेदारी के जरिये विकसित किया गया है। किडनी प्रोजेक्ट ने कृत्रिम किडनी में दो महत्वपूर्ण भागों हेमोफिल्टर और बायोरिएक्टर जोड़ा है। परीक्षण में स्मार्टफोन के आकार के उपकरण को सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया। इसके लिये किडनी प्रोजेक्ट की टीम को सम्मानित किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र से चुनी गई छह विजेता टीमों में से एक थी। बता दें हेमोफिल्टर रक्त से अपशिष्ट पदार्थों को हटाता है। वहीं बायोरिएक्टर रक्त में इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन जैसे काम करता है। विशेषज्ञों की टीम ने प्री-क्लीनिकल मॉडल में इसके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। रक्त को पतला करने या इम्यूनोसप्रेसेन्ट दवाओं के बिना कृत्रिम किडनी सिर्फ रक्तचाप द्वारा संचालित हुई। यूसीएसएफ स्कूल ऑफ फार्मेसी के फैक्टरी सदस्य ने बताया कि कृत्रिम किडनी मरीजों को डायलिसिस की तुलना में ज्यादा गतिशीलता और बेहतर परिणाम प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह मरीजों के जीवन को बेहतर बनायेगी।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस 24 अक्टूबर

शांति ही है वैश्विक कल्याण का आधार

वास्तविक और स्थायी जीत शांति की होती है, युद्ध की नहीं। अमेरिकी दार्शनिक और साहित्यकार राल्फ वाल्डो इमर्सन की यह लाइनें बिल्कुल सही हैं, क्योंकि युद्ध सिर्फ दो देशों के बीच कभी नहीं होता और किसी भी युद्ध में जीत या हार किसी राष्ट्र की भी हो हार हमेशा मानव जाति की होती है। इसलिए मानव जाति का हित युद्ध नहीं, बल्कि शांति और सामाजिक सौहार्द्र में है। इस बात को ही संपूर्ण विश्व को समझाने के लिए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र का गठन किया गया था और इस वर्ष हम इसकी स्थापना की 76वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

शांति और समृद्धि के लिए एक संग मिलकर कार्य करना

24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र चार्टर लागू किया गया था। इसी की याद में प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। हर वर्ष यह दिन एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है । इस वर्ष इसकी थीम Building Back Together for Peace and Prosperity - A symbol of hope for global unity अर्थात् शांति और समृद्धि के लिए एक संग मिलकर कार्य करना - वैश्विक एकता के लिए उम्मीद का प्रतीक है। यह सच भी है कि एक साथ मिलकर यदि कार्य किया जाए तो हर मुश्किल आसान होती है और संपूर्ण विश्व की शांति और समृद्धि के लिए कार्य तभी संभव हैं, जब संपूर्ण विश्व में निवास करने वाली मानव जाति अपने भाषायी, सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक मतभेदों को भुलाकर वैश्विक हित के लिए कार्य करे। संयुक्त राष्ट्र के महासभा हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। कोविड-19 के संकट से धीरे-धीरे अब देश बाहर आ रहे हैं। ऐसे में इस वर्ष होने वाले मुख्य संगीत समारोह में विश्व के शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य के लिए देशों और उनके निवासियों के हित के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के आह्वान का प्रतिनिधित्व करता है।

तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने गढ़ा था संयुक्त राष्ट्र शब्द

प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद वर्ष 1929 में राष्ट्र संघ का गठन किया गया था। यह काफी कमजोर संगठन था। इसका उद्देश्य तो भविष्य में होने वाले किसी भी दूसरे विश्व युद्ध को रोकना और उसका सामना मानव जाति को दोबारा न करना पड़े। लेकिन 1930 के दशक में दुनिया के दूसरे युद्ध की तरफ बढ़ते कदमों को रोकने में राष्ट्र संघ नाकामयाब रहा। द्वितीय विश्व युद्ध के भयानक दौर और वीभत्स त्रासदी के पश्चात विश्व शांति की स्थापना के उद्देश्य से 'संयुक्त राष्ट्र संघ' की स्थापना की गई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने राष्ट्र संघ के ही मूल ढांचे और उद्देश्यों को आत्मसात किया था। संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य पूरी दुनिया में शांति और सामंजस्य स्थापित करना है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने में कई तरह की आलोचनाओं और चुनौतीयों का सामना उसे निरंतर करते रहना होता है। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी भूमिका यह है कि यह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को शांति की स्थापना के लिए तैनात कर सकता है। 1944 में अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन ने वॉशिंगटन में बैठक की और एक वैश्विक संगठन बनाने पर सभी ने सहमति दी थी। इसके संबंध में 1945 में 50 देशों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई। इसके बाद 24 अक्टूबर, 1945 को घोषणा-पत्र की शर्तों के अनुसार 'संयुक्त राष्ट्र संघ' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य राष्ट्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था जहां वह अपने मतभेदों को सुलझा सकें और विश्व में रहने वाले लोगों के लिए एक बेहतर दुनिया के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। 'संयुक्त राष्ट्र' शब्द का प्रयोग सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन

रूजवेल्ट ने किया था और इसका जिक्र पहली जनवरी 1942 को संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र में किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंग

महासभा : संयुक्त राष्ट्र का महत्वपूर्ण अंग है। यह विचार-विमर्श, नीति-निर्धारण जैसे कार्यों के लिये उत्तरदायी है। महासभा में संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व है, जो इसे सार्वभौमिक प्रतिनिधित्व वाला एकमात्र संयुक्त राष्ट्र निकाय बनाता है।

सुरक्षा परिषद : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र के छः प्रमुख अंगों में से एक अंग है, जिसका उत्तरदायित्व है अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा बनाए रखना। वैश्विक शान्ति और सुरक्षा का उत्तरदायित्व इसी के पास में है, इसलिए इसे विश्व का सिपाही भी कहते हैं। सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी और दस अस्थायी (प्रत्येक 2 वर्ष के लिए) मिलाकर कुल 15 सदस्य होते हैं। पांच स्थायी सदस्य चीन, फ्रांस, रूस, ग्रेट ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका हैं।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक तथा सामाजिक परिषद (ECOSOC) : यह संयुक्त राष्ट्र के कुछ सदस्य देशों का एक समूह है। ये सदस्य देश सामान्य सभा को अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग एवं विकास कार्यक्रमों में सहायता करते हैं। यह परिषद सामाजिक समस्याओं के जरिए अंतर्राष्ट्रीय शांति को प्रभावी बनाने का प्रयास करती है। परिषद का मानना है कि दुनिया में शांति स्थापित करने का एकमात्र तरीका राजनीति नहीं है। बता दें कि इसकी स्थापना 1945 में की गई थी। इसमें महासभा द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिये निर्वाचित 54 सदस्य होते हैं। यह सतत् विकास पर बहस एवं अभिनव सोच के लिये संयुक्त राष्ट्र का केंद्रीय मंच है। हाल ही में भारत को इसका सदस्य चुना गया है, जिसका कार्यकाल 2022 से शुरू होगा।

न्यास परिषद : एक अंतर्राष्ट्रीय न्यास व्यवस्था की स्थापना के लिए चार्टर ने न्यास परिषद की स्थापना संयुक्त राष्ट्र के एक प्रधान अंग के रूप में की और इसे न्यास व्यवस्था के अंतर्गत न्यास प्रदेशों के प्रशासन के निरीक्षणों का कार्य सौंपा। न्यास प्रदेशों के निवासियों की प्रगति को बढ़ावा देना और उनका स्वशासन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगतिशील विकास करना इसका प्रमुख उद्देश्य है।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय : अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण संस्था है। इसका मुख्यालय नीदरलैंड के द हेग शहर में स्थित है। इसकी स्थापना 1945 को की गई थी। लेकिन इसने अप्रैल 1946 से काम शुरू किया। इसमें सभी देशों के कुल मिलाकर 15 न्यायाधीश नियुक्त होते हैं। भारत की तरफ से 27 अप्रैल 2012 को दलवीर भंडारी न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे।

सचिवालय : सचिवालय संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक दिन के कार्य का लेखा-जोखा एकत्रित करता है। सचिवालय का एक महासचिव होता है जो सुरक्षा परिषद की सलाह पर महासभा द्वारा नियुक्त किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस है जिन्हें एक जनवरी 2017 को नियुक्त किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र की प्रमुख बातें

संपूर्ण मानव जाति की भावी सन्ततियों को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति प्रदान करना, अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखना और इसके लिए शांति को संकट में डालने वाले सभी कार्यों के विरोध के लिये सामूहिक उपायों को ग्रहण करना तथा शांति को भंग करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय झगड़ों को अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों के आधार पर शांतिपूर्ण हल निकालना।

विश्व के विभिन्न राष्ट्रों के बीच परस्पर मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ाना, इसका आधार सभी लोगों को समानाधिकार और स्वयं निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या मानवतावादी समस्याओं को हल करने में सभी देशों का सहयोग लेना। मानव के मूल अधिकारों के प्रति सम्मान में वृद्धि करना तथा जाति, लिंग, भाषा या धर्म का भेदभाव किए बिना सभी को मौलिक स्वतंत्रताएं प्राप्त कराना। संयुक्त राष्ट्र को ऐसा केन्द्र बनाना जो इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिये विभिन्न राष्ट्रों द्वारा किए जाने वाले कार्यों में सामंजस्य स्थापित कर सके।

इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों को संक्षेप में चार शब्दों द्वारा व्यक्त किया जा सकता है- सुरक्षा, न्याय, कल्याण, मानव अधिकार।

मालदीव के अब्दुल्ला शहिद हैं 76वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष

अब्दुल्ला शाहिद संयुक्त राष्ट्र निर्वाचित महासभा अध्यक्ष और मालदीव के विदेश मंत्री हैं। जनरल एसेम्बली एकमात्र ऐसा अंग है, जिसमें सभी 193 देशों का प्रतिनिधित्व है और यूएन का यह अंग, जब सर्वमत से बोलता है, मुद्दों पर निर्णय लेता है, तो वह अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरात्मा की आवाज होती है। संयुक्त राष्ट्र का यह अंग विश्व की 7 अरब 90 करोड़ आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। अब्दुल्ला शाहिद ने अपने संदेश में कहा कि विनाश, हताशा और पिछले 18 महीनों में देखी गई पीड़ा के मद्देनज़र, समय आ गया है कि, दुनिया के एक ऐसे संगठन के तौर पर, जिसमें पूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय समाया है, सभी 193 देश, यह समय उठ खड़े होने का और अपने लोगों को उम्मीद बंधाने का है। संयुक्त राष्ट्र का चार्टर कहता है, 'हम लोग' (We the Peoples), इसलिये यह समय है कि हम लोग एक साथ आकर आशा का संचार करें, जिसकी लोगों को सख्त जरूरत है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी पंडित

संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थापना के शुरुआती वर्षों में ही भारत की विजयलक्ष्मी पंडित प्रथम महिला राजदूत बनीं। उन्होंने तीन देशों की राजधानियों मॉस्को, वॉशिंगटन और लंदन में राजदूत के पद पर कार्य किया। 1953 में वह संयुक्त महासभा की प्रथम निर्वाचित महिला अध्यक्ष बनीं, जो इस पद पर काबिज़ होने वाली प्रथम महिला थीं। वह 1937 में देश की पहली महिला मंत्री बनी थीं और इसी वर्ष वह संयुक्त प्रांत की प्रांतीय विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं और स्थानीय स्वशासन और सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री के पद पर नियुक्त की गईं थी। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर स्वाधीनता आंदोलन में हिस्सा लेने वाली विजय लक्ष्मी पंडित ने अपनी ऑटोबायोग्राफी The Scope of Happiness: A Personal Memoir में लिखा है कि, जीवन में कोई भी काम अगर आप पूरे लगन से करते हैं, तो वह कभी न कभी आपके काम जरूर आता है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, (म.प्र.)
राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी- विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक/राशिके/NTSE-NMMSS/2021/1898 भोपाल, दिनांक : 13.10.2021

विज्ञापन
राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रथम चयन परीक्षा 2021-2022

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना वर्ष 1963 से प्रारंभ हुई है। इसका उद्देश्य प्रतिभावान छात्रों को चिन्हित करना एवं उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करना है। NCERT नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा, कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए आयोजित की जाती है।

म.प्र. राज्य द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रथम चयन परीक्षा वर्ष 2021-22 दिनांक 16 जनवरी दिन रविवार 2022 को जिला स्तरीय केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। द्वितीय स्तर की परीक्षा दिनांक 12 जून दिन रविवार 2022 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए राज्य से प्रत्याशियों की निर्धारित संख्या 530 है। अंतिम चयन हेतु राज्यों का कोई कोटा निर्धारित नहीं है।

1. **पात्रता** - म.प्र. राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 10वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र हैं। दूरस्थ मुक्त शिक्षा (ओपन स्कूल) में पंजीकृत ऐसे छात्र जो 1 जुलाई, 2021 को 18 वर्ष से कम उम्र के हो, कहीं कार्यरत न हों एवं कक्षा 10वीं की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहें हो भी छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं।
2. **छात्रवृत्ति** - NCERT नई दिल्ली द्वारा द्वितीय स्तर की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के आधार पर पूरे देश से 2000 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। छात्रवृत्ति की राशि निम्नानुसार है।
   1. कक्षा XI एवं XII के लिए 1250/- प्रतिमाह
   2. स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर कक्षाओं के लिए 2000/- प्रतिमाह
   3. PH.D. के लिए UGC नार्म्स के अनुरूप
3. **आरक्षण** - प्रथम चयन परीक्षा में आरक्षण हेतु मध्यप्रदेश शासन के नियम एवं निर्देश यथावत लागू रहेंगे। केवल मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी ही आरक्षण के पात्र होंगे। अन्य प्रदेशों के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी अनारक्षित वर्ग के रूप में विचारित किये जायेंगे। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी स्वयं के नाम का प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर राज्य शिक्षा केन्द्र को प्रेषित करेंगे। निःशक्त विद्यार्थियों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान होगा।

   आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत सीट आरक्षित की गई है। भारत सरकार द्वारा 103वें संविधान संशोधन, अधिनियम में आरक्षण सुविधा प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि "उक्त संविधान संशोधन के अनुरूप मध्यप्रदेश राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) जो संविधान के अनुच्छेद-341 एवं 342 के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के लिए अधिसूचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-85-25-4-84, दिनांक 26 दिसम्बर 1984 द्वारा विर्निदिष्ट अन्य पिछड़े वर्ग को प्रदत्त आरक्षण की परिधि में नहीं आते हैं, को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा" इस हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड "मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेश क्रमांक एफ-07-11/2019/आप्र/एक/भोपाल, दिनांक 2 जुलाई, 2019" के अनुसार रहेंगे।

   आय एवं सम्पत्ति का प्रमाण पत्र तहसीलदार से निम्न श्रेणी के अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। प्रमाण पत्र का प्रारूप संलग्न है। प्रमाण पत्र लाभार्थी के नाम का होना चाहिए। छात्र के स्वयं के नाम के प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाएगा।
4. **परीक्षा एवं आवेदन हेतु महत्वपूर्ण तिथियां :-**

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि	21.10.2021
आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	30.11.2021
परीक्षा दिनांक व दिन	16.01.2022 (रविवार)
परीक्षा शुल्क	निःशुल्क

5. **परीक्षा का विवरण :-**

क्र.	परीक्षा	अवधि	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अर्हताकारी अंक	
					सामान्य, पिछड़ा वर्ग ईडब्ल्यूएस वर्ग 40%	अ.जा./अ. ज.जा./निःशक्त वर्ग 32%
1.	मानसिक योग्यता परीक्षण (MAT)	120 मिनट	100	100	40 अंक	32 अंक
2.	शैक्षिक योग्यता परीक्षण (SAT)	120 मिनट	100	100	40 अंक	32 अंक

नोट - परीक्षा का समय MAT के लिए प्रातः 10.00 से 12.30 एवं SAT के लिए 1.30 से 3.30 तक रहेगा।

5.1 मानसिक योग्यता परीक्षा - इसके अंतर्गत कुल 100 प्रश्नों में समजातता, वर्गीकरण, श्रृंखला, आकृति, अवबोधन, छुपी हुई आकृतियों, कोडन-विकोडन, खंड समुच्चय समस्य सुलझाने आदि पर आधारित प्रश्न होंगे।

5.2 शैक्षिक योग्यता परीक्षण - इसके अंतर्गत कुल 100 प्रश्नों में से 40 प्रश्न विज्ञान के (भौतिक शास्त्र - 13, रसायन शास्त्र - 13, जीव विज्ञान - 14 प्रश्न), 40 प्रश्न सामाजिक विज्ञान (इतिहास 15, भूगोल - 15, राजनीति शास्त्र - 5, अर्थशास्त्र - 5) तथा गणित विषय - 20 प्रश्न होंगे।

6. **पाठ्यक्रम** - राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए कोई निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है। यद्यपि प्रश्नों का स्तर म.प्र. राज्य में मान्य विभिन्न परीक्षा बोर्ड के कक्षा 9वीं एवं 10वीं की सार्वजनिक परीक्षा के समान होगा।
7. **आवेदन की प्रक्रिया एवं प्रवेश पत्र की प्राप्ति**
   7.1 इस परीक्षा हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी स्थिति में मेन्युअल अथवा डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30.11.2021 है।

   7.2 आवेदन पत्र की हार्डकॉपी एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क केन्द्र से या एमपीऑनलाइन की वेबसाइट **http://www.mponline.gov.in** पर दिनांक 21.10.2021 से प्राप्त होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र के मोनो में क्लिक करने पर NTSE लिंक मिलेंगी, NTSE लिंक को क्लिक करके आवेदन पत्र प्राप्त होगा।

   7.3 अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी पूर्ण रूप से भरने के बाद संस्था के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य से सत्यापित करवानी होगी।

   7.4 अभ्यर्थी पूर्णरूप से भरा एवं सत्यापित किया हुआ आवेदन पत्र एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्ककेन्द्र के पास जाकर ऑनलाइन एंट्री करवायेगा।

   7.5 आवेदन की ऑनलाइन एंट्री के बाद दो प्रतियों में रसीद प्राप्त होगी। यदि रसीद के ऊपर आवेदन अपूर्ण अंकित है तो अभ्यर्थी आवेदन की कमी को पूर्ण करें। आवेदन पूर्ण की रसीद प्राप्त होने पर आवेदन मान्य किया जायेगा। आवेदन पूर्ण अंकित रसीद की दो प्रतियों में से एक प्रति स्वयं अपने पास रखेगा एवं दूसरी प्रति आवेदन पत्र की हार्डकॉपी के साथ लगाकर संबंधित संकुल प्राचार्य के कार्यालय में अनिवार्यतः जमा करेगा। संकुल प्राचार्य आवेदन पत्र संबंधित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) में भेजेंगे। जिन जिलों में डाइट नहीं हैं वहां संकुल प्राचार्य, जिला शिक्षा केन्द्र (डी.पी.सी. कार्यालय) को आवेदन-पत्र भेजेंगे। डाईट/डी.पी.सी. कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र अंतिम रूप से सूचीबद्ध कर राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल को निर्धारित तिथि पर ही भेजे जावेंगे।

   7.6 स्वयं के नाम का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्तता प्रमाण पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु की सत्यापित प्रति ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदक को सामान्य श्रेणी का स्वीकार किया जावेगा।

   7.7 प्रवेश-पत्र जनवरी माह के प्रथम सप्ताह एवं द्वितीय सप्ताह में एम.पी. ऑनलाइन के लिंक **https://www.mponline.gov.in** पर उपलब्ध होंगे जिन्हें अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड कर सकेंगे।
8. **परीक्षा का माध्यम** - परीक्षा का माध्यम हिन्दी अथवा अंग्रेजी होगा।
9. **परीक्षा शुल्क** - इस परीक्षा के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
10. **महत्वपूर्ण निर्देश :-**
    10.1 परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचना अनिवार्य है।
    10.2 सेल्युलर, मोबाइल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, नकल पर्चा किसी तरह की इलेक्ट्रॉनिक यंत्र आदि का प्रयोग प्रतिबंधित है।
    10.3 सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे।
    10.4 इस परीक्षा हेतु कोई ऋणात्मक अंक नहीं है।
    10.5 उत्तरशीट परीक्षा उपरान्त पर्यवेक्षक के पास अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
    10.6 परीक्षा संबंधी विस्तृत विवरण परीक्षा संबंधी नियम पुस्तिका में उपलब्ध है जिसे एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट **https://www.mponline.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।
11. **पुनर्मूल्यांकन** - इस परीक्षा हेतु पुनः परीक्षण/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।
12. **यात्रा भत्ता** - परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र तक आने-जाने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

संचालक
जी-18276/46090/2021 **राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग गुना
निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 05/टी.सी./2021-22 दिनांक 12.10.2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./प.) संभाग गुना के अंतर्गत निम्नांकित मार्ग निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं अन्य अभिलेख टेण्डर प्रपत्र के साथ संलग्न है। जिन्हें वेबसाइट से डाउनलोड कर देखा जा सकता है। कार्य का विवरण एवं ऑनलाइन टेण्डर क्रय करने, बिड सबमिशन करने का विवरण निम्नानुसार है - **क्र. एवं कार्य का नाम** :- 1. डामर के पैक्ड ड्रम का परिवहन कार्य मथुरा रिफायनरी (उ.प्र.) से लो.नि.वि. संभाग गुना के उपसंभाग गुना/राघौगढ़/चांचौड़ा तक लाना, उतारना एवं सही स्थान पर रखना।

जिले का नाम	कार्य का प्रकार	ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल अन्य दस्तावेज)
गुना	डामर कार्टिंग एवं परिवहन	2021_PWDRB_163163_1	तृतीय	1.00	2000/-	1000/-	31.03.2022	आवश्यकता नहीं केवल टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध करावें (https://mptenders.gov.in)
2. वार्षिक अनुरक्षण कार्य गैर आवासीय भवन उपसंभाग गुना के सेक्शन क्रमांक-1 गुना वर्ष 2021-22 के लिए।								
गुना	भवन अनुरक्षण कार्य	2021_PWDRB_163164_1	द्वितीय	20.00	40000/-	2000/-	31.03.2022 तक	–तदैव–
भोपाल, मध्यप्रदेश में बेटियों की सुरक्षा के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्ष 2007 से प्रारंभ की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना में अभी तक लगभग 40 लाख लाड़ली लक्ष्मी बन चुकी हैं। इन सभी लाड़ली लक्ष्मियों को राज्य सरकार ने न केवल लखपति बनाया है, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ उच्च शिक्षा की भी जिम्मेदारी निभाई जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की बेटियों के प्रति संवेदनशील सोच से उपजी लाड़ली लक्ष्मी योजना को अब और विस्तारित करने का मन बना लिया गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रदेश की हर बेटी शिक्षित हो, उसका स्वास्थ्य बेहतर रहे और वह अपने आपको आत्मनिर्भर महसूस करें। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य पूर्ति में प्रदेश की बेटियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।

बेटी के जन्म से लेकर उसकी पूरी शिक्षा और उसके विवाह तक की जिम्मेदारी लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से उठाई जा रही है। इस योजना ने एक तरफ प्रदेश की बेटियों को अभिभावक रूपी सुरक्षा दी है, वहीं दूसरी ओर बेटियों के प्रति समाज की सोच को भी बदला है। एक समय था जब बेटी के जन्म पर पूरा परिवार निराश हो जाया करता था। लाड़ली लक्ष्मी योजना के लागू होने से अब परिवारों में बेटी के पैदा होने पर उत्सव मनाया जाता है। समाज में बेटियों के प्रति आए इस बदलाव से प्रदेश में महिला-पुरुष के लिंगानुपात में भी सुधार हुआ है।

श्री चौहान का मानना है कि समाज के सशक्तिकरण के लिए नारी का सशक्तिकरण जरूरी है। आज पैदा हुई बेटी कल समाज, प्रदेश और राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभा पाए। हम ऐसे ही प्रयास कर रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटी को सबल बनाने और उसे आत्मनिर्भर बनाने का प्रयोग मध्यप्रदेश में सफल हुआ है। यह योजना जितनी प्रदेश में सराही गई है, उतनी ही अन्य राज्यों में भी सराही और अपनायी गयी है। योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नये प्रावधान लगातार जोड़े जा रहे हैं। राज्य सरकार अब कक्षा 12वीं पास करने वाली लाड़लियों को स्नातक में प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपये देगी। साथ ही इंजीनियरिंग और मेडिकल में प्रवेश पाने वाली हर लाड़ली का खर्च सरकार उठाएगी।

महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न बैंकों के माध्यम से आर्थिक सहयोग कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की जो पहल हुई है, उसमें ग्रामीण महिलाओं ने अपनी कड़ी मेहनत से अपने हुनर को बाजार में ला खड़ा किया है।

ऑनलाइन करें कम्पाउंडिंग की प्रक्रिया - नगरीय विकास मंत्री

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि भवन अनुज्ञा प्रकरणों के अंतर्गत भवन अनुज्ञा के बिना निर्माण एवं भवन अनुज्ञा से अधिक निर्माण के कम्पाउंडिंग को ऑनलाइन एबीपीएएस सिस्टम के माध्यम से सभी नगरीय निकायों में लागू किया गया है। साथ ही सभी नगरीय निकायों को कम्पाउंडिंग की प्रक्रिया ऑनलाइन किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं। श्री सिंह ने इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को दिये हैं।

श्री सिंह ने कहा है कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम में संशोधन कर भवन अनुज्ञा अंतर्गत कम्पाउंडिंग की सीमा में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। साथ ही 28 फरवरी, 2022 तक कम्पाउंडिंग के लिये प्राप्त प्रकरणों में 20 प्रतिशत की छूट भी दी गई है।

ऑफलाइन करने पर होगी कार्यवाही

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि यह बात संज्ञान में आयी है कि कुछ नगरीय निकायों में कम्पाउंडिंग की प्रक्रिया ऑफलाइन की जा रही है। उन्होंने कहा है कि दोनों प्रकार की कम्पाउंडिंग की प्रक्रिया ऑनलाइन एबीपीएएस सिस्टम के माध्यम से सभी निकायों में संचालित है। अतः ऑफलाइन कम्पाउंडिंग करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

विद्युत लाइनों एवं उपकरणों का किया जा रहा सतत् रखरखाव - ऊर्जा मंत्री

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के रखरखाव के लिए मानक संधारण प्रक्रिया लागू की गई है। पूर्व में लाइनों एवं उपकरणों का रखरखाव वर्ष में दो बार किया जाता था, जिसे अब एक सतत् प्रक्रिया बनाया गया है। इसमें वर्ष भर अलग-अलग उपकरणों एवं लाइनों का संधारण किया जा रहा है। इसके कारण तकनीकी व्यवधानों में कमी आई है। इस प्रक्रिया की समीक्षा के लिए एक विशेष मॉड्यूल बनाया गया है।

उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय के लिए अधोसंरचना विकास के अतिरिक्त विद्युत व्यवधान में कमी लाने के लिए नियमित संधारण की मानक संचालन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है।

सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायतों का भी संज्ञान

विद्युत उपभोक्ताओं से दूरभाष पर कनिष्ठ अभियंता से लेकर प्रमुख सचिव स्तर तक एवं स्वयं ऊर्जा मंत्री द्वारा भी चर्चा कर शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है तथा विभाग की कार्य-प्रणाली का फीडबैक लिया जा रहा है। समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए तुरंत कार्यवाही की जा रही है।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए केंद्रीयकृत कॉल सेंटरों को सुदृढ़ किया गया है। माह अप्रैल, 2020 से सितंबर, 2021 तक की अवधि में प्राप्त सभी 48.45 लाख शिकायतों को निराकृत किया गया है।

शिकायतों के निराकरण उपरांत उपभोक्ता संतुष्टि के लिए फीडबैक व्यवस्था के अन्तर्गत 13.95 लाख उपभोक्ताओं से संपर्क कर फीडबैक प्राप्त किया गया। औसत उपभोक्ता संतुष्टि प्रतिशत 98.67 प्रतिशत पाया गया। असंतुष्ट उपभोक्ताओं से मैदानी अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कर उनकी समस्या के निराकरण के प्रयास किये जा रहे हैं।

उपभोक्ताओं की गलत देयकों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए माह अप्रैल, 2020 से सितंबर, 2021 की अवधि में वितरण केंद्र/जोनवार कुल 7556 शिविरों का आयोजन कर 53 हजार 830 शिकायतों का तुरंत निराकरण किया गया है।

प्रदेश में 10 किलोवॉट से अधिक संयोजित भार वाले सभी गैर कृषि उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग बिना मानवीय हस्तक्षेप के एएमआर या एमआरआई के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था लागू कर दी गई है। इससे ऐसे उपभोक्ताओं की त्रुटिहीन रीडिंग एवं सटीक बिलिंग संभव हो सकेगी। जिला मुख्यालयों में आकलित खपत के आधार पर की जा रही बिलिंग को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

त्रुटिपूर्ण बिलिंग की शिकायत को दूर करने के उद्देश्य से मीटर वाचकों का रूटमैप तैयार किया जा रहा है। इससे प्रत्येक 3 माह में मीटर वाचकों की अदला-बदली करते हुए त्रुटिहीन मीटर रीडिंग एवं बिलिंग सुनिश्चित की जा सकेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व वसूली के लिए स्व-सहायता समूहों और पंचायतों के माध्यम से सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। वितरण कंपनियों की राजस्व संग्रहण क्षमता एवं उपभोक्ता सेवाओं में सुधार लाने तथा अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

गौ-संरक्षण के लिये सरकार के साथ समाज को आना होगा आगे

मध्यप्रदेश में 3 हजार 500 गौ-शालाओं का चल रहा है काम

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर में गौ-शालाओं के क्षेत्र में कार्य करने वाले समाज-सेवियों को सम्मानित करते हुये।

जबलपुर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर के तिलवारा घाट स्थित दयोदय पशु संवर्धन एवं पर्यावरण केंद्र गौशाला में आचार्य श्री विद्या सागर जी के सानिध्य में प्रदेश की उत्कृष्टता गौ-शालाओं और जीवदया के क्षेत्र में कार्य करने वाले समाज-सेवियों को सम्मानित करते हुये कहा कि आचार्य श्रीभगवन केवल जैन धर्म के नहीं सब धर्मों के हैं। वे राष्ट्रीय संत हैं। आत्मनिर्भरता के प्रेरक हैं। आयुर्वेद के लिए समर्पित हैं। हमारा आयुर्वेद, हमारा योग दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। जो इनके लिए काम करता है उनसे बड़ा शिक्षक कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम सबको जैन बनने का प्रयास करना चाहिए। जो अपने आप को जीते वह महावीर, जो महावीर वह जितेंद्रिय, जो जितेंद्रिय वह जिन और जो जिन वह जैन। उन्होंने कहा कि गौ माता के संरक्षण के लिए जो कार्य आचार्य श्री कर रहे हैं वह अद्भुत है। हमने आचार्य श्रीभगवन के नाम पर प्रदेश में 'जीव दया पुरस्कार' प्रारंभ करने का फैसला लिया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शरद पूर्णिमा के दिन आचार्य गुरुवर का, आचार्य भगवन का इस धरती पर अवतरण हुआ। हम जैसे सांसारिक मोह माया में फंसे लोगों को बाहर निकालने का रास्ता आचार्य भगवन ने दिखाया है। मैंने यह बहुत पहले तय कर लिया था कि आज के दिन आचार्य श्री के दर्शन अवश्य करूंगा। मैं उनके दर्शन कर धन्य हो गया हूं। मेरा जीवन सफल हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गौ-संरक्षण की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी, परंतु यह काम अकेले सरकार नहीं कर सकती है। सरकार के साथ समाज को आगे आना होगा। इस कार्य में अच्छे लोग जुट रहे हैं। गौ-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाना होगा। यदि गाय की एक-एक चीज दूध, गोबर, गोमूत्र आदि का ढंग से उपयोग किया जाए तो गौशालाएं स्वावलंबी हो सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 3 हजार 500 गौ-शालाओं पर काम चल रहा है। गौ-संरक्षण के लिये हमने गौ-अभ्यारण्य भी बनाये हैं। हमारा काम गौ-शालाएं बनाना भी है और उन्हें स्वावलंबी बनाना भी। गौ-संरक्षण के लिये हर व्यक्ति को अपने-अपने स्तर से प्रयास करने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने गौ सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्थापित आचार्य विद्यासागर जीवदया गौ सेवा सम्मान योजना के तहत गौ-संरक्षण और गौ सेवा के क्षेत्र में वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थागत श्रेणी के पुरस्कार प्रदान किये। समारोह में गौ-संरक्षण एवं गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये वर्ष 2018-19 का संस्थागत श्रेणी का प्रथम पुरस्कार आचार्य विद्यासागर, द्वितीय पुरस्कार गौ-संवर्द्धन केंद्र लेहरदा जिला सागर को, तृतीय पुरस्कार दयोदय पशु सेवा केंद्र अशोकनगर को तथा श्री गोपाल गौशाला कचनारिया जिला उज्जैन, श्री राज राजेश्वरी गौशाला गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, गौवंश रक्षण समिति वारासिवनी जिला बालाघाट एवं त्रिवेणी गौशाला झगड़िया जिला बैतूल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये वर्ष 2018-19 में व्यक्तिगत श्रेणी का प्रथम पुरस्कार श्री सूरज सोनी (गौपुत्र) सागर, द्वितीय पुरस्कार श्री एसके उपाध्याय रीवा एवं तृतीय पुरस्कार श्री ज्ञानचंद जैन पन्ना को प्रदान किया गया।

श्री चौहान द्वारा वर्ष 2019-20 में गौ संरक्षण और गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये दिये गये पुरस्कारों में संस्थागत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार बाहुबली जीव रक्षा संस्थान मेघासिवनी जिला छिंदवाड़ा एवं द्वितीय पुरस्कार श्रीराम गौ संवर्द्धन गौशाला बिरकुनिया जिला सिंगरौली को प्रदान किया।

एमएसएमई की नई पॉलिसी से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की पहल

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग ने उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए नई एमएसएमई विकास नीति बनाई है। इस नीति में प्रदेश में निवेश बढ़ाने के साथ ही युवाओं को रोज़गार मुहैया कराने के हर सम्भव प्रावधान किए गए हैं। मध्यप्रदेश कृषि उत्पादों में देश में काफी आगे है और इन उत्पादों के प्रदेश में ही प्रसंस्करण के लिए नीति में इन इकाइयों को अनेक सुविधाओं के साथ रियायतें दिए जाने का ऐलान किया गया है।

नीति में नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाई, जिसमें यंत्र-संयंत्र में 10 करोड़ रुपये से अधिक एवं 50 करोड़ रुपये तक का निवेश किया गया हो, को कई तरह की सहायता, सुविधाएं प्रदत्त की जाएंगी। नीति के मुताबिक विद्युत खपत सहायता के अंतर्गत प्रचलित विद्युत टैरिफ में उच्च दाब उपभोक्ताओं को नवीन संयोजन प्राप्त करने पर एक रुपये प्रति यूनिट अथवा 20 प्रतिशत की छूट, जो भी कम हो, प्रदान की जाएगी। यह छूट खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों के लिये उत्पादन, व्यवसायिक परिचालन की तिथि से पांच वर्ष तक की अवधि के लिये देय होगी। ऑफ-सीजन में कॉन्ट्रेक्ट डिमांड के 10 प्रतिशत अथवा वास्तविक रिकॉर्ड की गयी डिमांड में से जो भी अधिक होगा, उसकी बिलिंग सामान्य टैरिफ पर की जाएगी।

इसी तरह मण्डी शुल्क से छूट की भी सहूलियत नीति में है। ऐसी सभी पात्र खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश के अधिकतम 50 प्रतिशत या पांच वर्ष की अवधि, इनमें से जो भी कम हो के लिये मण्डी शुल्क से छूट दी जाएगी।

फूड पार्क विकसित करने पर विशेष सहायता भी नीति में सहूलियत देने का प्रावधान है। अधोसंरचना विकास सहायता के अंतर्गत प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने एवं अधोसंरचनाओं को बेहतर बनाने के लिये भारत सरकार, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा क्रियान्वित मेगा फूड पार्क की स्थापना की योजना के मार्गदर्शी निर्देशों के अनुसार निजी क्षेत्र द्वारा मेगा फूड पार्क की स्थापना पर परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। यह सहायता विकसित पार्क में न्यूनतम 10 इकाइयों की स्थापना पर देय होगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मंत्रिपरिषद के निर्णय

विद्युत दरों में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की वर्चुअल बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत दरों में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिये लागू योजना में 150 यूनिट तक की मासिक खपत पर प्रथम 100 यूनिट तक अधिकतम 100 रुपये का देयक दिए जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बी.पी.एल. घरेलू उपभोक्ता, जिनकी मासिक खपत 30 यूनिट है, से मात्र 25 रुपये प्रति माह के मान से 4 माह में 100 रुपये लिए जाने का प्रावधान इस वर्ष भी निरंतर रखा गया है। गृह ज्योति योजना में 4981 करोड़ 69 लाख रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिपरिषद की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई।

- मंत्रिपरिषद ने कृषि उपभोक्ता श्रेणी को भी विद्युत दरों में राहत प्रदान करने का निर्णय लिया है। 10 हॉर्सपावर तक की क्षमता के मीटर रहित स्थायी कृषि पम्प उपभोक्ता को 750 रुपये प्रति हॉर्सपावर प्रति वर्ष की फ्लैट दर देय होगी।
- शेष राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में देय होगी। इसके लिये राज्य सरकार द्वारा वितरण कम्पनियों को 9876 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 21 लाख 75 हजार कृषि पम्प उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। 10 हॉर्सपावर से अधिक की क्षमता के मीटर रहित स्थाई कृषि पंप उपभोक्ता से 1500 रुपये प्रति हॉर्सपावर प्रति वर्ष की फ्लैट दर देय होगी। शेष राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में वितरण कंपनियों को देय होगी। इसके लिये 644 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- इससे प्रदेश के लगभग 50 हजार कृषि पंप उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। मीटर युक्त स्थाई और अस्थाई कृषि पंप संयोजनों पर ऊर्जा प्रभार, ईंधन प्रभार एवं नियत प्रभार में छूट दी जायेगी। छूट राशि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में कंपनियों को वितरण किया जाएगा। इसके लिये 350 करोड़ रुपये की राशि देय होगी एवं इससे लगभग 2 लाख अस्थायी एवं 20 हजार मीटरयुक्त स्थाई कृषि पंप उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- एक हेक्टेयर तक की भूमि वाले 5 हॉर्सपावर तक के अनुसूचित जाति और जनजाति के कृषि उपभोक्ताओं को निःशुल्क विद्युत प्रदाय की जायेगी। देयक की सम्पूर्ण राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में देय होगी एवं इससे लगभग 9 लाख 25 हजार कृषि पंप उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- इसके लिये राज्य शासन द्वारा 4733 करोड़ रुपये की राशि सब्सिडी के रूप में वितरण कंपनियों को दी जायेगी। उच्च दाब उद्वहन/समूह सिंचाई उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार तथा वार्षिक न्यूनतम प्रभार में छूट दी जायेगी।
- छूट राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में वहन की जाएगी। इसके लिये 90 करोड़ रुपये की राशि सब्सिडी के रूप में देय होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय से प्रदेश के कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विद्युत देयक में 15722 करोड़ 87 लाख रुपये की वार्षिक राहत प्राप्त होगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा गरीब जनजाति परिवारों की सुविधा के लिए प्रदेश के आदिवासी विकासखण्डों की उचित मूल्य दुकानों के आश्रित ग्रामों के पात्र परिवारों को उनके ही ग्राम से राशन सामग्री वितरण की योजना '**मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार**' लागू करने का निर्णय लिया गया है।
- यह योजना उप चुनाव निर्वाचन आचार संहिता के जिलों को छोड़कर शेष जिलों के आदिवासी विकासखंडों में माह नवम्बर, 2021 से लागू की जाएगी। योजना में 16 जिलों के 74 विकासखंड में 7511 ग्राम के जनजातीय परिवार लाभान्वित होंगे। मुख्यालय गांव को छोड़कर दुकान से संलग्न अन्य ग्रामों में वाहन के माध्यम से परिवहन कर राशन सामग्री का वितरण किया जायेगा।
- कलेक्टर द्वारा ग्राम में वितरण के लिये प्रत्येक माह के दिवस निर्धारित किए जाएंगे। एक वाहन द्वारा एक माह मे औसतन 22 से 25 दिवस (अवकाश छोड़कर) 220 से 440 क्विंटल खाद्य सामग्री का वितरण किया जायेगा।
- खाद्यान्न परिवहन में अनुमानित 472 वाहन उपयोग किए जाएंगे। एक मीट्रिक टन वाले वाहन पर 24 हजार रुपये प्रतिमाह और 2 मीट्रिक टन वाले वाहन पर 31 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से सालाना व्यय 14 करोड़ 7 लाख रुपये अनुमानित है।
- वाहन में खाद्यान्न लोड करते समय उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जायेगा। वाहन में सामग्री तौलने के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, माईक, स्पीकर, पी.ओ.एस. मशीन रखने, बैठने एवं खाद्यान्न सुरक्षित रखने की सभी व्यवस्थाएं होंगी।
- वाहनों की व्यवस्था के लिए परिवहन-कर्ताओं के साथ जिला स्तर पर अनुबंध किया जायेगा। परिवहनकर्ता उसी क्षेत्र के ग्रामों के निवासी होंगे। उनकी उम्र 21 से 45 वर्ष के बीच होगी तथा वे अनुसूचित जनजाति वर्ग से होंगे।
- परिवहनकर्ताओं को प्रतिमाह निर्धारित व्यय का भुगतान किया जायेगा। परिवहनकर्ता को वाहन क्रय के लिए ऋण राशि पर मार्जिन मनी प्रदान की जायेगी। एक मीट्रिक टन क्षमता वाले वाहन के लिए 2 लाख रुपये और 2 मीट्रिक टन या अधिक क्षमता वाले वाहन के लिए 3 लाख रुपये की मार्जिन मनी का भुगतान किया जायेगा।
- मार्जिन मनी की एकमुश्त राशि 9 करोड़ 69 लाख रुपये का भुगतान जनजातीय कार्य विभाग द्वारा किया जायेगा।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर उचित मूल्य दुकान संचालित करने का प्रावधान होने से दुकान के मुख्यालय ग्राम को छोड़कर शेष आश्रित ग्रामों के पात्र परिवारों को परिवहन के सुगम साधन न होने के कारण प्रतिमाह लगभग 5 किलोमीटर दूरी तय कर 23 से 37 किलोग्राम वजन की सामग्री सिर पर रखकर ले जानी पड़ती है।
- दिव्यांग, वृद्ध और शारीरिक रूप से असक्षम व्यक्ति को दुकान से राशन सामग्री प्राप्त करने में कठिनाई उत्पन्न होती है एवं गरीब परिवारों को मजदूरी का नुकसान भी होता है। इन तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए मंत्रिपरिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया है।
- योजना से हितग्राही की मजदूरी एवं श्रम की बचत, पात्र परिवारों को निवास के ग्राम में राशन सामग्री का प्रदाय और समय पर राशन सामग्री का वितरण हो सकेगा।

भारत ने सौ करोड़ से ज्यादा टीके लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत के लिए उपलब्धि का दिन है। भारत में कोरोना रोधी वैक्सीन के 100 करोड़ टीके लगा लिए गए हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जनता की जिंदगी बचाने के इस अभियान के लिए हार्दिक अभिनंदन करता हूं। पहले हमने स्वदेशी वैक्सीन बनाई जो कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। अब 100 करोड़ से ज्यादा टीके लगा कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। एक नया इतिहास रचा है। जिंदगी के दो डोज के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जितना अभिनंदन किया जाए, उतना कम है। मैं मध्यप्रदेश के सभी स्वास्थ्य कर्मियों, टीका लगाने के अभियान में लगे साथियों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और जिन बहनों-भाइयों ने टीकाकरण अभियान में सहयोग दिया है उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी अब तक 6 करोड़ 72 लाख 43 हजार से अधिक वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। हमारा अभियान लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संभव नहीं होता यदि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी वैक्सीन न बनती। श्री मोदी ने निःशुल्क वैक्सीन देकर लोगों की जिंदगी कोविड की तीसरी लहर से सुरक्षित की है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस उपलब्धि के लिये देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

किसानों के साथ फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

भोपाल, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने प्रदेश के कलेक्टर्स और सभी कृषि उप संचालकों को निर्देशित किया है कि किसानों के साथ धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। श्री पटेल के निर्देशानुसार 20 अक्टूबर को राजगढ़ जिले में कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने 4 कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एक दुकान में नकली सरसों के बीजों का विक्रय और अवैध भण्डारण किये जाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई। दो कृषि सेवा केंद्र सूचना प्राप्ति के बाद भी निरीक्षण नहीं कराने पर सील किये गये।

राजगढ़ जिला मुख्यालय पर पुलिस-प्रशासन और कृषि विभाग के संयुक्त दल ने कार्यवाही करते हुए पवार कृषि सेवा केंद्र को नकली बीजों के विक्रय एवं अवैध भंडारण पर सील कर दिया गया। साथ ही लायसेंस भी निलम्बित कर दिया। साहू कृषि सेवा केंद्र और खण्डेलवाल कृषि सेवा केंद्र निरीक्षण के दौरान बंद पाये गये। दूरभाष पर दी गई सूचना के बाद भी निरीक्षण कराने नहीं पहुंचने पर एसडीएम श्रीमती नेहा साहू ने दोनों सेवा केंद्रों को सील कर दिया। संयुक्त दल द्वारा वर्मा कृषि सेवा केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।

मध्यप्रदेश में 163 ऑक्सीजन प्लांट हुए क्रियाशील - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन की स्थानीय उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न चिकित्सालय में 163 ऑक्सीजन प्लांट्स स्थापित किये जा चुके हैं। इन प्लांट्स की प्रतिदिन 182 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता है। इससे आवश्यकता पड़ने पर 9145 रोगियों को 10 लीटर प्रति मिनट की दर से ऑक्सीजन प्रदाय की जाकर उपचारित किया जा सकेगा। प्रदेश में पीएम केयर फंड एवं राज्य शासन के अथक प्रयासों से 202 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट्स की स्थापना का कार्य कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी को महसूस कर प्रारंभ किया गया था। शेष 39 ऑक्सीजन प्लांट्स की स्थापना इसी माह सुनिश्चित कर ली जाएगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दी।

ऑक्सीजन में मध्यप्रदेश बन रहा है आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये सहयोग से मध्यप्रदेश ऑक्सीजन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। कोरोना की दूसरी लहर में कोरोना मरीजों की जान बचाने के लिए अन्य राज्यों से ऑक्सीजन आयात की गई। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन की स्थानीय व्यवस्था के लिए प्लांट्स स्थापना के शासकीय चिकित्सालयों में अतिरिक्त रूप से 30 हजार 291 ऑक्सीजन सिलेन्डर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि मार्च 2020 की स्थिति में प्रदेश के किसी भी शासकीय चिकित्सालय में ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट उपलब्ध नहीं थे। आज की स्थिति में 163 ऑक्सीजन प्लांट्स प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रांरभ हो चुके हैं। शेष प्लांट्स भी शीघ्र स्थापित कर लिए जाएंगे। इन सभी 202 प्लांट्स से प्रतिदिन लगभग 230 मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन जनरेट हो सकेगी।

प्रदेश में पीएम केयर फंड से 88, मुख्यमंत्री राहत कोष से 13 एवं अन्य विभिन्न माध्यम जैसे स्वास्थ्य विभाग, CSR एवं स्थानीय प्रयासों से 101 ऑक्सीजन प्लांट्स स्थापित करने का काम गत मई माह से शुरू किया गया।

ऑक्सीजन भंडारण सुविधा

प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में वर्तमान में 360 मीट्रिक टन लिक्विड ऑक्सीजन के भंडारण की सुविधा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 34 जिला चिकित्सालयों में 6 किलो लीटर की क्षमता के लिक्विड ऑक्सीजन के टैंक (कुल 248 मीट्रिक टन) की स्थापना की जा रही है। शासकीय चिकित्सालय में 13 हजार 956, चिकित्सालय महविद्यालयों में 1350 ऑक्सीजन कॉन्सनट्रेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा भारत सरकार ने भी पूर्व में दिए ऑक्सीजन कॉन्सनट्रेटर के अतिरिक्त 3860 कॉन्सनट्रेटर का आबंटन और किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं में जून 2021 तक 11 हजार 156 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स उपलब्ध थे। राज्य शासन द्वारा 3099 अतिरिक्त बेड्स को ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स में परिवर्तित करने की स्वीकृति दी, जिसमें लगभग 2000 बेड्स क्रियाशील किए जा चुके हैं, शेष बेड्स इस माह पूर्ण कर क्रियाशील हो जाएंगे। इस माह के अंत तक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं में 14 हजार 255 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स उपलब्ध हो जाएंगे।

प्रदेश के समस्त जिलों में जून 2021 की स्थिति में कुल 785 आईसीयू, एचडीयू बेड्स मय वेन्टिलेटर क्रियाशील थे। कुल 41 स्वास्थ्य संस्थाओं में 650 नवीन आईसीयू और एचडीयू बेड्स स्वीकृत किए गए जिनमें से 200 आईसीयू और एचडीयू बेड्स का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। शेष आईसीयू और एचडीयू बेड्स का निर्माण अंतिम चरण में है। इस प्रकार अब स्वास्थ्य संस्थाओं में 1435 आईसीयू, एचडीयू बेड्स रोगियों के उपचार हेतु उपलब्ध हो जाएंगे।

जिला चिकित्सालयों में उपलब्ध 210 पीडियाट्रिक आईसीयू बेड्स के अतिरिक्त नवीन 310 पीडियाट्रिक आईसीयू बेड्स की स्वीकृति दी गई। इनमें से 100 का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। शेष का निर्माण अंतिम चरण में है। इस माह के अंत में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन आने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं में 520 पीडियाट्रिक आईसीयू बेड्स एवं 992 पीडियाट्रिक ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स शिशुओं के उपचार के लिये उपलब्ध हो जाएंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

वर्षा से प्रभावित फसलों की क्षति का सर्वे कराया जायेगा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के कुछ स्थानों पर फसलों को विगत दिनों हुई वर्षा से क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सभी किसान भाई-बहनों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि इस वर्षा से प्रभावित किसानों को आवश्यक राहत प्रदान की जाएगी। इस उद्देश्य से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की क्षति के सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। क्षति का आकलन होने पर प्रभावितों को सहायता राशि मिलेगी। किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ भी दिलवाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। राज्य सरकार किसानों के इस कष्ट में पूरी तरह उनके साथ है।

किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए खजाने से देंगे राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग श्रेणी के किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सस्ती बिजली देने के लिए सरकार ने अपने खजाने से राशि देने का निर्णय लिया है। सरकार की तरफ से बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी जाएगी। किसानों को सस्ती बिजली इसलिए मिलती है क्योंकि सरकार खजाने से राशि देती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोयले की दरें बढ़ने के कारण उत्पन्न समस्याओं के बावजूद बिजली की आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जाएगी। बिजली कंपनी को सहायता की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में बिजली संकट है। बहुत से विकसित देश भी इससे जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री जी भी समस्या से अवगत हैं। वे मध्यप्रदेश को कष्ट नहीं होने देंगे। उनके स्तर से भी आवश्यक सहयोग मिल रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं को भी लगभग 4900 करोड़ रुपये की सब्सिडी हम देते हैं। तब कहीं सस्ती बिजली मिलती है। कुल मिलाकर 20 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया है। इससे किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिल सकेगी।

पुलिस स्मृति दिवस परेड कार्यक्रम

शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञ है राष्ट्र - राज्यपाल

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल पुलिस स्मृति दिवस समारोह में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात करते हुये।

भोपाल, राष्ट्र की सेवा में प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति सारा राष्ट्र कृतज्ञ है। सरकार और समाज सदैव शहीदों के परिजनों के साथ है। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित लाल परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड-2021 को संबोधित करते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाये रखने में पुलिस प्रशासन द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। अपराधों की त्वरित विवेचना और अपराधियों को सजा दिलाने में वृद्धि, प्रदेश पुलिस की सक्रियता से ही संभव हुई है। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिये यह गर्व की बात है कि प्रदेश पुलिस की गणना देश के श्रेष्ठ बलों में की जाती है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों से जो पहचान आपने स्थापित की है उसे और अधिक निखारने के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने प्रदेश पुलिस के नवाचार डायल-100 की सराहना करते हुए कहा कि ऑनलाइन चरित्र सत्यापन और ई-एफ.आई.आर. से आम नागरिकों को फायदा हुआ है। श्री पटेल ने प्रदेश में दस्यु समस्या और नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफलता के लिए पुलिस की सराहना की। उन्होंने पुलिस द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में महिला थाना तथा सात सौ महिला ऊर्जा डेस्क की स्थापना किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर राज्यपाल ने वर्ष 2020-21 के दौरान शहीद हुए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के परिजनों से भेंट कर उनके प्रति सांत्वना व्यक्त की।

पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने अपने सम्बोधन में बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स जैसे दुर्गम क्षेत्र में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवानों का दल चीनी सेना से मुठभेड़ में शहीद हुआ था। उन्हीं की स्मृति में देश की समस्त पुलिस इकाइयों द्वारा यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मध्यप्रदेश पुलिस के 15 जवान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए हैं। उन्होंने शहीदों के परिजनों को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश पुलिस सदैव उनके साथ है और नियमानुसार उन्हें सुविधाएं और सहायता उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है।

कार्यक्रम का प्रारम्भ पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुत राष्ट्र धुन के साथ हुआ। इसके बाद पाल-वेयरर पार्टी द्वारा राज्यपाल श्री पटेल को शहीद जवानों की सम्मान सूची सौंपी और परेड स्मारक को सलामी देकर उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। राज्यपाल श्री पटेल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी सहित पुलिस के अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

महाविद्यालयों में 25 हजार सीटें बढ़ाई गईं - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के हित में लगातार फैसले लिए जा रहे हैं। जो महाविद्यालय छात्रों के आवेदन के आधार पर सीटों की वृद्धि चाहते हैं, वह अपना प्रस्ताव राज्य सरकार को शीघ्र भेजें। हम हर हालत में इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करेंगे।

डॉ. मोहन यादव ने बताया कि 262 शासकीय और 17 निजी महाविद्यालयों में 25 हजार सीटें बढ़ाई गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि सभी विद्यार्थियों को इसी सत्र में प्रवेश मिल सके और जो नए कोर्स शुरू किए गए हैं उसका सभी लाभ उठा सकें।

राज्य शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 में विभिन्न महाविद्यालयों में नए विषयों को शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की गई है इस संबंध में विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है।

उज्जैन के शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर अर्थशास्त्र, हिंदी एवं राजनीति शास्त्र विषयों के अध्यापन को स्वीकृति दी गई है। उज्जैन के ही शासकीय माधव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए आधार पाठ्यक्रम, इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा बीकॉम, बीकॉम विद कम्प्यूटर एप्लीकेशन और बीकॉम विद टैक्सेशन के अध्यापन की मंजूरी दी गई है।

इसी प्रकार भोपाल के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर कत्थक विषय पर अध्यापन प्रारंभ होगा।

मध्यप्रदेश में पंचायत आम निर्वाचन की तैयारियां जल्द की जायें पूरी

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की सभी तैयारियां जल्द पूरी करें। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण पहले चुनाव नहीं कराये जा सके। प्रदेश में कोरोना अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। वैक्सीनेशन का एक डोज लगभग सभी लोगों को लग चुका है। अतः अब निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि पंचायतों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च 2021 को हो चुका है। इसके बाद भी कोई विशेष त्रुटि सामने आती है तो आयोग से अनुमति प्राप्त कर उनमें सुधार कर सकते हैं। ऐसे मतदान केंद्र जहां 750 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदान कर्मी की नियुक्ति मतदान दल में की जायेगी।

मतदान केंद्रों का करायें भौतिक सत्यापन

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करवायें। इनमें जो भी कमियां हों, तत्काल दूर करें। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति जल्द करें। जिला पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन-पत्र जिला मुख्यालय, जनपद पंचायत सदस्यों के ब्लॉक मुख्यालय और सरपंच तथा पंच के ब्लॉक और क्लस्टर स्तर पर लिये जाएंगे। क्लस्टर का गठन 10-15 पंचायतों का समूह बनाकर किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि मार्च 2022 तक कार्यकाल पूरा करने वाली पंचायतों की रिक्तियों की जानकारी 3 दिन में भेजना सुनिश्चित करें।

सभी पंचायतों का होगा चुनाव

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों, जिनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और जिनका मार्च 2022 तक पूरा हो रहा है, का निर्वाचन करवाया जाएगा। मतदान तीन चरणों में होगा। सेक्टर और जोनल अधिकारी की नियुक्ति कर उन्हें निर्वाचन के दौरान विशेष कार्यपालिक दंडाधिकारी शक्तियां देने का प्रस्ताव शीघ्र भेजें।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिले के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हांकित कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मध्यप्रदेश में

ट्रांसमिशन कंपनी ने किया हाइब्रिड स्विच गियर मॉड्यूल तकनीक का उपयोग

इन्दौर, मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश में पहली बार इन्दौर में ट्रांसमिशन सिस्टम के विस्तार में हाइब्रिड स्विच गियर मॉड्यूल सिस्टम का उपयोग किया है। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि जबलपुर मुख्यालय स्थित शक्ति भवन में पदस्थ कार्यपालन अभियंता एमडी पालंदे एवं मनीष खरे ने मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के सिस्टम के अनुरूप इस मॉड्यूल प्रणाली को विकसित और क्रियान्वित किया है।

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने बताया कि गत दिवस इन्दौर ईस्ट स्थित 220 किलोवॉट सब स्टेशन बिचोली में ट्रांसमिशन कंपनी ने 50 एमवीए क्षमता का एक नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इसमें हाइब्रिड स्विच गियर मॉड्यूल सिस्टम का प्रदेश में पहली बार इस्तेमाल किया गया।

सब स्टेशन में किया गया अंडरग्राउंड केबल का इस्तेमाल-प्रदेश में पहली बार इन्दौर में कम जगह पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इसमें ट्रांसफार्मर से सप्लाई लेने वाले सिस्टम को 33 किलोवॉट वोल्टेज लेवल पर अंडरग्राउंड इंसुलेटेड केबल का उपयोग कर जोड़ा गया। मध्यप्रदेश में पहली बार 33 किलोवॉट के मेन सिस्टम के लिए इस तरह की उच्च क्षमता की इंसुलेटेड केबल का उपयोग किया गया है।

इन्दौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन सहित घनी आबादी के शहरों में पहले से स्थापित अति उच्च दाब सब स्टेशनों में जगह की कमी के कारण विस्तार में कुछ दिक्कत आ रही थी। विद्युत की बढ़ती मांग की आपूर्ति के लिए मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने हाइब्रिड स्विच गियर माड्यूल तकनीक के रूप में प्रदेश के ट्रांसमिशन सिस्टम में इस नए विकल्प को अपनाने का निर्णय लिया। इन्दौर ईस्ट स्थित 220 किलोवॉट उप केंद्र बिचोली में प्रदेश में पहली बार इस तकनीक का सफल उपयोग किया गया। इस मॉड्यूलर सिस्टम के साथ स्थापित किए गए नए ट्रांसफार्मर से इंदौर की ट्रांसमिशन व्यवस्था और मजबूत एवं भरोसेमंद हुई है। साथ ही नई तकनीक के उपयोग से सिस्टम की विश्वसनीयता में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने बताया कि विद्युत सब स्टेशनों में उपयोग की जाने वाली यह एक ऐसा मॉड्यूलर और कंपैक्ट डिजाइन सिस्टम है, जिसके एक मॉडल में कई अलग-अलग कार्य शामिल हैं। सब स्टेशनों के निर्माण और विस्तारीकरण के लिए यह मॉडल लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता पर आधारित है। हाइब्रिड मॉडल का उपयोग किसी भी पारंपरिक सब स्टेशन में विस्तार या प्रतिस्थापन के लिए किया जा सकता है। इसमें एयर इंसुलेटेड स्विच गियर और अत्याधिक विद्युत प्रतिरोधक क्षमता वाली सल्फर हेक्साफ्लोराइड आधारित गैस स्विच गियर की तकनीक वाले उपकरणों को एक ही मॉडल में उपयोग में लाया जाता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

रूमेसा गेलगी

दुनिया की सबसे लंबी महिला

तुर्की की रूमेसा गेलगी को 24 साल की उम्र में 215.6 सेंटीमीटर लंबाई के साथ दुनिया में सबसे लंबी महिला होने का खिताब मिला है। उनकी इतनी ज्यादा लंबाई के लिए वीवर सिंड्रोम नाम की बीमारी जिम्मेदार है, जिसमें व्यक्ति की लंबाई तेजी से बढ़ती है। इससे शरीर में कई दिक्कतें भी आती हैं। उन्हें सबसे लंबी किशोरी होने के लिए भी 2018 में गिनीज बुक में भी स्थान दिया गया था।



विलियम शॉटनर

अंतरिक्ष में जाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बने

मशहूर टेलीविजन सीरियल स्टारट्रैक के किरदार कैप्टन कर्क यानी विलियम शॉटनर अंतरिक्ष में जाने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गये हैं। वे बेजोस के न्यू शैपर्ड यान में तीन अन्य यात्रियों के साथ अंतरिक्ष में गये। धरती से 99.77 किलोमीटर की ऊंचाई पर उन्होंने 3 मिनट भारहीनता में बिताए। धरती पर लौटने के बाद शॉटनर ने कहा कि मैं जीवनभर इस क्षण को नहीं भूल पाऊंगा।

अमित खरे

प्रधानमंत्री के सलाहकार नियुक्त

उच्च शिक्षा सचिव रहे अमित खरे को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सलाहकार नियुक्त किया गया है। वे पिछले माह ही अपने पद से सेवानिवृत्त हुये थे। प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक खरे की नियुक्ति संविदा पर हुई है। खरे 1985 बैच के बिहार/झारखण्ड कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं।

आईआईटी हैदराबाद में

पराली की ईंटो से बना गार्ड रूम

आईआईटी हैदराबाद के पीएच.डी. स्कॉलर प्रियव्रत राउत रॉय और भुवनेश्वर स्थित के आईआईटीएम स्कू ला ऑफ आर्किटेक्चर के शिक्षक अविक रॉय ने पराली से 'बायो ब्रिक' बनाई है। इन्हीं ईंटों से आईआईटी हैदराबाद का गार्ड रूम बना है। बायो ब्रिक से बना यह देश का पहला घर है। इसके अंदर तापमान बाहर से 6 डिग्री सेल्सियस तक कम रहता है।

नीता पटेल

कोविड टीका बनाने वाली टीम का नेतृत्व किया

चिकित्सा वैज्ञानिक भारतवंशी नीता पटेल ने अमेरिका में नोवावैक्स का कोरोना रोधी टीका बनाने वाली टीम का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। नीता ने भारत से पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका के गेथर्सबर्ग स्थित कंपनी मेडीइम्यून में काम करना शुरू कर दिया। 2015 में वे नोवावैक्स कंपनी से जुड़ गयीं। 2020 में कोरोनाकाल में स्पाइक प्रोटीन का पता लगाया। डीएनए आधारित टीका बनाने में टीम का नेतृत्व कर सफलता पाई।

डेविड ए. लिंडन

सुई के छेद में कृति बनाई

सुई के छेद में कृति बनाकर शिल्पकार डेविड ए. लिंडन मशहूर हो गये हैं। सुई के छेद में बनाई गई कलाकृति 92 लाख रुपये (90 हजार पाउंड) में बिकी। ब्रिटेन के बोर्नमाउथ के रहवासी लिंडन ने शौकिया तौर पर कलाकृति बनाना शुरू किया था। लिंडन ने 2018 से कलाकृतियां बनानी शुरू की थीं। वे मंच की द स्क्रीम, वान गॉग की द स्टैरीनाइट और सनफ्लॉवर की प्रतिकृति भी बना चुके हैं।



कंब्रे विएजा ज्वालामुखी

स्पेन के ला पाल्मा आइलैंड में विकराल रूप लिया

स्पेन के ला पाल्मा आइलैंड में कंब्रे विएजा ज्वालामुखी विकराल रूप लेता जा रहा है। लगातार हो रहे विस्फोट के बाद आस-पास रह रहे लोगों को पहले ही यहां से निकाला जा चुका है। लगभग 85 हजार की आबादी वाले इस आइलैंड पर सैकड़ों घर पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं। ऐसा ज्वालामुखी से निकलने वाले लावा के आबादी वाले क्षेत्रों में फैलने से हुआ है। विशेषज्ञों ने इसके चलते यहां भूकंप आने की चेतावनी देते हुए लोगो से सतर्क रहने को कहा है।

स्कॉटलैंड

12.75 करोड़ में बिकी 16वीं सदी की तश्तरी

स्कॉटलैंड में नीलाम की गई 16वीं सदी की तश्तरी के लिए 17 लाख डॉलर (करीब 12.75 करोड़ रुपये) की बोली लगी है। इसे इटली के निकोला दा अर्बिनो ने बनाई थी। एक घर में रखी खास कलाकृति वाली इस तश्तरी पर सिटेमिक विशेषज्ञ की नजर पड़ने के बाद इसे नीलामी घर में लाया गया। नीलामी कराने वाली संस्था ने इसके लिए मात्र सवा करोड़ रुपये की बोली की उम्मीद लगाई थी।

लाल ग्रह

पहली बार सामने आयीं 'झील' की तस्वीरें

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के परसिवरेंस रोवर ने लाल ग्रह (मंगल ग्रह) से ऐसी तस्वीरें भेजी हैं, जिनसे वैज्ञानिकों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। तस्वीरों से पुराने दावे सही साबित हुए हैं, जिनमें कहा जाता है कि मंगल ग्रह पर कभी पानी की झील हुआ करती थी। लाल ग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चलता है कि इस क्षेत्र में 3.7 अरब साल पलहे कई बार बाढ़ आई थी। रोवर ने सूखी झील की कई तस्वीरें भेजी हैं।

ट्रैविस लुडलो

अकेले उड़ान भरने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बने

ब्रिटेन के ट्रैविस लुडलो 18 वर्ष की उम्र में दुनियाभर में अकेले उड़ान भरने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गये हैं। उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया है। 18 साल 150 दिन ट्रैविस ने अपनी 24,900 मील की यात्रा का अंत नीदरलैंड में किया। ट्रैविस यात्रा के दौरान 12 अन्य देशों में रुके। इनमें पोलैंड, रूस, अमेरिका, कनाडा, ग्रीनलैंड, आइसलैंड, ब्रिटेन, आयरलैंड, स्पेन, मोरक्को, फ्रांस और बेल्जियम हैं। वे 14 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के ग्लाइडर पायलट का खिताब भी जीत चुके हैं।



डॉक्टर रुक्मणि और प्रोफेसर एरिक हनुशेक

2021 के यिदान पुरस्कार से सम्मानित

डॉक्टर रुक्मणि बनर्जी और प्रोफेसर एरिक ए हनुशेक को 2021 के यिदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह शिक्षा जगत् से जुड़ा सर्वोच्च सम्मान है। शिक्षा से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय सीखने वालों के लिए शिक्षा और उससे मिलने वाले परिणामों में बड़े पैमाने पर सुधार पर उनके काम को सम्मान देते हुए यह पुरस्कार दिया गया है। प्रोफेसर एरिक और डॉ. रुक्मणि बनर्जी को 2021 यिदान प्राइज फॉर एजुकेशन रिसर्च और यिदान प्राइज फॉर एजुकेशन डेव्हलपमेंट पाने वालों के रूप में चुना गया है।

अलीशा गढ़िया

डेली प्वाइंट ऑफ लाइट अवॉर्ड के लिए चुनी गईं

वनों की कटाई रोकने और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने वाली भारतीय मूल की छह वर्षीय बालिका और जलवायु कार्यकर्ता अलीशा गढ़िया को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित डेली प्वाइंट ऑफ लाइट अवॉर्ड के लिए चुना गया। अलीशा ब्रिटेन की गैर लाभकारी संस्था 'कूल अर्थ' की एंबेसेडर भी हैं। उन्होंने संस्था के लिए 3000 पाउंड की राशि एकत्र की है। उसने वनों की कटाई रोकने का अभियान भी चलाया है।

डेनियल क्रैग

हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम से सम्मानित

जेम्स बॉन्ड के एक्टर डैनियल क्रैग को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ब्रिटिश एक्टर डेनियल ने कहा कि हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम में शामिल होना बहुत सम्मान की बात है। गौरतलब है कि डेनियल क्रैग ने लंबे समय से जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाया है और 'नो टाइम टू डाई' बॉन्ड फ्रेंचाइजी की उनकी आखिरी फिल्म है।

मेहमेट ओज्यूरेक

विश्व में सबसे लंबी नाक

तुर्की के 71 वर्षीय मेहमेट ओज्यूरेक की नाक दुनिया में सबसे बड़ी है। मेहमेट ओज्यूरेक ने दुनिया में सबसे बड़ी नाक होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उनकी नाक लगभग 3.5 इंच यानी 8.8 सेंटीमीटर लंबी है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 11 साल पहले 2010 में सबसे लंबी नाक होने का खिताब दिया था, लेकिन उम्र के साथ-साथ बढ़ती गई।

कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन

मुख्य आर्थिक सलाहकार पद से दिया इस्तीफा

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 3 साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद शिक्षा जगत् में लौटने का फैसला किया। उन्होंने अपने ट्वीटर अकाउंट पर सभी का धन्यवाद प्रकट किया है।



अंतरिक्ष यात्री

जीवन की तलाश में नकली मंगल ग्रह पर रहेंगे

मंगल पर जीवन की तलाश के लिए छह अंतरिक्ष यात्री चार हफ्ते के मिशन पर हैं। पांच पुरुष और एक महिला शोधकर्ता इसके लिए इजरायल के नेगेव रेगिस्तान में नकली मंगल ग्रह पर रहेंगे, स्पेस सूट पहनेंगे और एक रोवर भी चलाएंगे। इसका मकसद यह जानना है कि मनुष्य दूसरे ग्रह पर सीमित साधन और असमान्य परिस्थितियों का सामना कैसे कर सकेगा।

जर्मनी में

दुनिया की पहली सेल्फ ड्राइविंग ट्रेन शुरू होगी

दुनिया की पहली ड्राइवर लेस ट्रेन जर्मनी के हैम्बर्ग में शुरू होने जा रही है। यह सामान्य ट्रैक पर आम ट्रेनों के साथ चलेगी। ट्रेन पूरी तरह ऑटोमैटिक है। दिसम्बर 2021 से यात्री भी सफर कर सकेंगे। इसमें ईंधन की खपत 30 प्रतिशत तक कम होगी। इससे पहले पेरिस में ड्राइवरलेस मेट्रो है जो कुछ समय पहले ही शुरू की गई है।

अमेरिका में

6 टांगों और दो सिर वाला दुर्लभ कछुआ जन्मा

अमेरिका के वाशिंगटन में दो सिर और 6 टांगों वाला दुर्लभ डायमंड बैक टेरपिन कछुए का जन्म हुआ है। स्टाफ एट सेंटर ने बताया कि वह अच्छी तरह से भोजन कर पा रहा है। इसके भोजन में मुख्य स्रोत कीड़े और फूड पेलेट्स शामिल हैं। कछुए के दोनों सिर भी स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं।

निक गार्डनर

उम्रदराज पर्वतारोही ने 282 पहाड़ चढ़ने का चैलेंज लिया

स्कॉटलैंड के 81 वर्षीय निक गार्डनर ने 282 पहाड़ों पर चढ़ने की चुनौती मंजूर की है। अल्जाइमर से पत्नी की मौत के बाद उन्होंने अल्जाइमर सोसाइटी के लिए यह चैलेंज लिया है। निक अब तक 177 पहाड़ चढ़कर 30 लाख रुपये से अधिक धनराशि एकत्र कर चुके हैं।



स्मृति शेष

ईरान के पहले राष्ट्रपति अबोल हसन का निधन

ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद देश के पहले राष्ट्रपति रहे अबोल हसन बनीसदर का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। ईरान में धार्मिक कट्टरता बढ़ने के कारण मौलवियों की बढ़ती शक्ति को चुनौती देने पर उन्हें महाभियोग का सामना करना पड़ा था। उस समय वे फ्रांस चले गये थे।



पुलित्जर से सम्मानित जे. शेरविन का निधन

परमाणु हथियारों पर शोध करने वाले मार्टिन जे. शेरविन का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने जापान पर अमेरिकी परमाणु बम हमले के समर्थन को चुनौती दी थी। उन्हें भौतिक विज्ञानी जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर की जीवनी 'अमेरिकन प्रोमेथियस' के लिए पुलित्जर मिला था।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/व.ले.लि./2021-22 **भोपाल, दिनांक : 11.10.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB_163715_1	उपसंभाग क्रमांक-02 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-10 में शासकीय आवासगृहों/गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/अनुरक्षण/सीवेज कार्य/लघुमूल गौण कार्य एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	27.00
2.	2021_PWDRB_163717_1	उपसंभाग क्रमांक-02 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-27 में शासकीय आवासगृहों/गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/अनुरक्षण/सीवेज कार्य/लघुमूल गौण कार्य एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	26.00
3.	2021_PWDRB_163718_1	जेल उपसंभाग क्रमांक-03 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेन्ट्रल जेल के यूनिट "अ" एवं "ब" में शासकीय आवासगृहों/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	28.00
4.	2021_PWDRB_163719_1	उपसंभाग क्रमांक-02 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-10 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	24.00
5.	2021_PWDRB_163720_1	उपसंभाग क्रमांक-01 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-2, 3 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	30.00
6.	2021_PWDRB_163721_1	उपसंभाग क्रमांक-01 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-7अ एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
7.	2021_PWDRB_163722_1	उपसंभाग क्रमांक-03 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सड़क मरम्मत हेतु मिट्टी (मेटल) एकत्रीकरण का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	10.00
				170.00

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 26.10.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-18259/46086/2021 **नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड आगर-मालवा

छावनी नाका सुसनेर रोड, आगर-मालवा

फोन नंबर : 07362-259980, ई-मेल : eepheagar@yahoo.com

क्रमांक/538/लेखा/कायं/लोस्वायां/2021-22 **आगर-मालवा, दिनांक : 12.10.2021**

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर आगर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत 150/125/115 मि.मी. व्यास 180 मीटर गहरा 15 नग नलकूप खनन कार्य हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित हैं :

निविदा क्रमांक/दिनांक	सिस्टम क्रमांक	समूह	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
34/2021-22/04.10.21	162583	ग्रुप क्र.-1	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
35/2021-22/04.10.21	162584	ग्रुप क्र.-2	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
36/2021-22/04.10.21	162585	ग्रुप क्र.-3	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
37/2021-22/04.10.21	162586	ग्रुप क्र.-4	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
38/2021-22/04.10.21	162587	ग्रुप क्र.-5	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
39/2021-22/04.10.21	162588	ग्रुप क्र.-6	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
40/2021-22/04.10.21	162589	ग्रुप क्र.-7	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
41/2021-22/04.10.21	162590	ग्रुप क्र.-8	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
42/2021-22/04.10.21	162591	ग्रुप क्र.-9	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
43/2021-22/04.10.21	162592	ग्रुप क्र.-10	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
44/2021-22/04.10.21	162593	ग्रुप क्र.-11	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
45/2021-22/04.10.21	162594	ग्रुप क्र.-12	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
46/2021-22/04.10.21	162595	ग्रुप क्र.-13	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
47/2021-22/04.10.21	162596	ग्रुप क्र.-14	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
48/2021-22/04.10.21	162597	ग्रुप क्र.-15	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
49/2021-22/04.10.21	162598	ग्रुप क्र.-16	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
50/2021-22/04.10.21	162599	ग्रुप क्र.-17	17.13	34260/-	2000/-	02 माह	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग, छतरपुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/2021-22 **छतरपुर, दिनांक : 12.10.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम : 1. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के मुख्यालय अनुभाग प्रथम के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
2021_PWDRB_163606	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	अमानत राशि एवं अन्य वांछित ऑनलाइन प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।

2. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के मुख्यालय अनुभाग द्वितीय के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163607	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

3. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के ईशानगर/सटई अनुभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163608	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

4. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नौगांव के मुख्यालय अनुभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163609	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

5. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नौगांव के हरपालपुर/गढ़ीमलहरा अनुभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163610	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

6. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बिजावर के मुख्यालय अनुभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163611	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

7. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बिजावर के बड़ामलहरा/बकस्वाहा अनुभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163612	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

8. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लवकुश नगर के चंदला/लवकुशनगर अनुभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163613	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

9. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लवकुश नगर के राजनगर/खजुराहो अनुभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163614	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

10. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163616	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

11. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नौगांव के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163617	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

12. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बिजावर के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163619	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

13. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लवकुश नगर के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों के डिपोजिट एवं साधारण/विशेष/लघु मूल गौण कार्य।

2021_PWDRB_163620	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

14. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग छतरपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर स्थित पुल/पुलिया की मरम्मत, कि.मी./प्वाइंट स्टोन की रिफिक्सिंग, रंगाई पुताई लिखाई एवं पटरी भराई से संबंधित कार्य।

2021_PWDRB_163625	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

15. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नौगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर स्थित पुल/पुलिया की मरम्मत, कि.मी./प्वाइंट स्टोन की रिफिक्सिंग, रंगाई पुताई लिखाई एवं पटरी भराई से संबंधित कार्य।

2021_PWDRB_163626	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

16. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बिजावर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर स्थित पुल/पुलिया की मरम्मत, कि.मी./प्वाइंट स्टोन की रिफिक्सिंग, रंगाई पुताई लिखाई एवं पटरी भराई से संबंधित कार्य।

2021_PWDRB_163627	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव

17. कार्य का नाम : लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लवकुश नगर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर स्थित पुल/पुलिया की मरम्मत, कि.मी./प्वाइंट स्टोन की रिफिक्सिंग, रंगाई पुताई लिखाई एवं पटरी भराई से संबंधित कार्य।

2021_PWDRB_163628	मरम्मत कार्य	प्रथम	20.00	तदैव
		योग	**340.00**	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.10.2021** एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.10.2021 (17:30) बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 29.10.2021 को कार्यालय यंत्री लो.नि.वि. संभाग छतरपुर में खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यालय यंत्री

जी-18263/46091/2021 **लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, छतरपुर (म.प्र.)**

ऑनलाइन निविदा फॉर्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 25.10.2021, 17:30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि : 25.10.2021, 17:30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 27.10.2021, 11:00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर (टेण्डर डॉक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि एवं विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है, तो वह वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-18262/46087/2021 **लो.स्वा.यां. खण्ड आगर-मालवा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मंडला (म.प्र.)

दूरभाष : 07642-252443, ई-मेल : eephedmal@mp.nic.in, फैक्स : 07642-253622
निविदा क्रमांक : 146/2021-22/नि.शाखा/लो.स्वा.यां./2021 मण्डला, दिनांक : 12.10.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किये जाने की **अंतिम तिथि 26/10/2021 सायं 17.30 बजे** तथा निविदा खुलने का **दिनांक 28/10/2021 सायं 12.00 बजे** के पश्चात् है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।

Name Of Work : Providing Drinking Water Facility in School and Anganwadi including installation Signal Phase Pump, Pipe Fitting, Tap Connection and Wash basin fitting of HDPE Tank in **Different Villages** of **Block Mawai and Ghughari** of District Mandla.

NIT No.	Tender ID No.	Name of Block	No. of			Probable Amount	EMD	Tender Doc. Fee	Time
			School	Anganwadi	Other Institution				
146/21-22	2021_PHED_163900_1	Mawai & Ghughari	128	77	11	499.89	499890/-	15000	3 माह वर्षाकाल सहित

नोट : निविदा प्रत्र उपरोक्त वेबसाइट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

Member Secretary
District Water and Sanitation Mission
Executive Engineer PHE Division
Mandla District Mandla

जी-18360/46095/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह (म.प्र.)

क्रमांक 3327/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खंड दमोह दिनांक : 14.10.2021
निविदा सूचना क्रमांक : 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81, 82/2021-22, दिनांक : 14.10.2021 प्रकाशन बाबत।

(प्रथम आमंत्रण)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से दमोह जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अन्तर्गत शासकीय स्कूलों/आंगनबाड़ी में पेय जल व्यवस्था कार्य हेतु प्रपत्र '2.10' प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में 'सी' अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है।

नि. क्र.	ई-नि.क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक	ब्लाक का नाम	मात्रा नग में	अनु. लागत रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	2021-22_PHED_164284	69/21-22	दमोह 1	1	147.93	147900/-	12500/-	1 माह
2.	2021-22_PHED_164286	70/21-22	दमोह 2	1	153.53	153500/-	12500/-	1 माह
3.	2021-22_PHED_164287	71/21-22	पथरिया 1	1	67.97	67900/-	10000/-	1 माह
4.	2021-22_PHED_164288	72/21-22	पथरिया 2	1	73.56	73500/-	10000/-	1 माह
5.	2021-22_PHED_164289	73/21-22	हटा 1	1	63.97	63900/-	10000/-	1 माह
6.	2021-22_PHED_164290	74/21-22	हटा 2	1	59.97	60000/-	10000/-	1 माह
7.	2021-22_PHED_164291	75/21-22	पटेरा 1	1	59.97	60000/-	10000/-	1 माह
8.	2021-22_PHED_164292	76/21-22	पटेरा 2	1	55.97	56000/-	10000/-	1 माह
9.	2021-22_PHED_164294	77/21-22	बटियागढ़	1	72.76	72700/-	10000/-	1 माह
10.	2021-22_PHED_164295	78/21-22	बटियागढ़	1	83.96	84000/-	10000/-	1 माह
11.	2021-22_PHED_164296	79/21-22	जबेरा 1	1	143.13	143100/-	12500/-	1 माह
12.	2021-22_PHED_164297	80/21-22	जबेरा 2	1	132.74	132700/-	12500/-	1 माह
13.	2021-22_PHED_164298	81/21-22	तेन्दूखेड़ा	1	125.54	125500/-	12500/-	1 माह
14.	2021-22_PHED_164299	82/21-22	तेन्दूखेड़ा 2	1	128.74	128700/-	12500/-	1 माह

कोरे निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 26.10.2021 तक** कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 27.10.2021 को 17:30 बजे तक प्राप्त की जावेगी। प्राप्त समस्त ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं दिनांक 28.10.2021 को लिफाफा अ पूर्वान्ह 11:00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 28.10.2021 अपरान्ह 13:30 बजे खोली जावेगी।
निविदा की विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
निविदा की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के उपरांत ही कार्यादेश जारी किये जावेंगे एवं आवश्यकतानुसार कार्य घटाया बढ़ाया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-18361/46094/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, खंड-दमोह**

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शिवपुरी (म.प्र.)

Email : ashagracekerketta@gmail.com, Ph. No. : 9425716018
क्र./गे.फै./2021/214 शिवपुरी, दिनांक : 09.10.2021

गेस्ट फैकल्टी हेतु विज्ञप्ति

शैक्षणिक सत्र 2021-22 में गेस्ट फैकल्टी के रूप में अध्यापन कार्य हेतु आवेदन पत्र सीधे या डाक से प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, छत्री रोड, शिवपुरी के पते पर **दिनांक 27/10/2021** तक आमंत्रित किये जाते हैं। लिफाफे पर गेस्ट फैकल्टी हेतु आवेदन पत्र स्पष्ट रूप से अंकित करें। व्याख्याताओं की चयन प्रक्रिया मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग के नियमानुसार एवं शैक्षणिक अर्हता राजपत्र क्रमांक 407 दिनांक 07.09.2021 के अनुसार रहेगी।

स.क्र.	विभाग/फैकल्टी का नाम	पद संख्या
1.	व्याख्याता इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	02
2.	व्याख्याता मैकेनिकल इंजीनियरिंग	02
3.	व्याख्याता कंप्यूटर इंजीनियरिंग	02

मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित आरक्षण नीति अनुसार आरक्षण उपलब्ध रहेगा। अतिथि प्रवक्ताओं को शासन द्वारा घोषित व स्वीकृत दर से प्रतिशत पारिश्रमिक देय होगी, उच्च अर्हता के 05 अंक एवं अनुभव हेतु अधिकतम 05 अंक एक अंक प्रतिशत अधिमान्य होंगे पद संख्या आवश्यकतानुसार कम या ज्यादा हो सकती है।

प्राचार्य
जी-18370/46097/2021 **शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, शिवपुरी**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड-हरदा

दूरभाष : 07577-223212, फैक्स : 226777, ई-मेल : eephedhar@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित कि जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
कार्य का नाम : हरदा जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखण्ड हरदा के ग्राम भोनखेड़ी, भुन्नास, डगावानीमा-जिजगांव कला में नलजल योजनाओं में रेट्रोफिटिंग/नवीन का कार्य।

विभागीय निविदा क्रमांक	टेण्डर आई.डी.	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (eEMDon line) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	1. कार्यपूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3 आमंत्रण क्रमांक
44/21-22	2021_PHED_164306_1	220.34	220340.00/-	15000.00	1. छैः माह वर्षाकाल सहित 2. नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली 3. द्वितीय आमंत्रण

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : **28.10.2021, 17:30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 28.10.2021, 17:30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 30.10.2021 15:00 बजे
निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-18381/46098/2021 **लोक स्वा.यां. विभाग, खण्ड-हरदा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग ग्वालियर - 474002

ई-मेल : eepwdnhgwl@gmail.com, फोन नम्बर : 0751-2452446
निविदा सूचना कमांक 13/व.ले.लि./टेण्डर/2021-22 ग्वालियर, दिनांक : 14.10.2021

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 13 ग्वालियर दिनांक 14.10.2021 द्वारा प्रचलित पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 29.8.2017 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली निविदा में परिवर्तन की सूचना वेवसाइट पर ही देखें पृथक से निविदा संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

ई-टेण्डर आई.डी. क्र.	अनुमानित लागत रु.	धरोहर राशि + निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2021_PWDRB_164229_1	17.71 लाख	35420/- + 2000/-	म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. राष्ट्रीय राजमार्ग 346 के दिनारा-चदेरी के कि.मी. 101.00 से 150.00 कि.मी. लबाई तक 520 मी. में ए एवं डब्ल्यू टाइप नवीन मेटल बीम क्रश बैरियर को लगाना एवं मरम्मत कार्य।

2021_PWDRB_164230_1	17.85 लाख	35700/- + 2000/-	म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 2. राष्ट्रीय राजमार्ग 346 के दिनारा-चंदेरी-गेलुआ चौराहा पर कि.मी. 167/10 में मीडियम ब्रिज (बांई ओर) के टो वॉल का निर्माण कार्य।

2021_PWDRB_164231_1	17.64 लाख	35280/- + 2000/-	म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 3. राष्ट्रीय राजमार्ग 346 के चंदेरी से मेलुआ चौराहा के कि.मी. 151.00 से 184.00 कि.मी. लंबाई तक 518 मी. में ए एवं डब्ल्यू टाइप नवीन मेटल बीम क्रश बैरियर को लगाना एवं मरम्मत कार्य।

2021_PWDRB_164232_1	17.85 लाख	35700/- + 2000/-	म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 4. राष्ट्रीय राजमार्ग 346 के दिनारा-चंदेरी-मेलुजा चौराहा पर कि.मी. 167/10 में मीडियम ब्रिज (दांई ओर) के टो वॉल का निर्माण कार्य।

2021_PWDRB_164233_1	17.56 लाख	35120/- + 2000/-	म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 5. राष्ट्रीय राजमार्ग 346 के दिनारा-पिछोर-चंदेरी-मेलुआ चौराहा पर कि.मी. 111 से 138 तक शोल्डरों का मरम्मत कार्य।

2021_PWDRB_164234_1	17.74 लाख	35480/- + 2000/-	म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 6. राष्ट्रीय राजमार्ग 346 के दिनारा-पिछोर-चंदेरी-मेलुआ चौराहा पर कि.मी. 111 से 140 तक पुल एवं पुलिया पहुंच मार्ग का मरम्मत कार्य।

निविदा आमंत्रण की सम्पूर्ण शर्तें एवं अन्य जानकारी का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर **दिनांक 14.10.2021 समय सुबह 17:30 से दिनांक 01.11.2021 समय सायं 17:30 तक** देखी जा सकती है।
1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, सिर्फ वेवसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18380/46096/2021 **लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग-ग्वालियर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड-मन्दसौर

दूरभाष क्रमांक : 07422-256284, फैक्स : 07422-255215
महू नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मन्दसौर E-mail : eephedmas@mp.nic.in

NIT NO. 32/2021-22

क्रमांक 3076/व.ले.लि./का.यं./2021 मन्दसौर, दिनांक : 13.10.2021
निम्नलिखित कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-
कार्य का नाम :- मन्दसौर जिले के विकासखण्ड मल्हारगढ़ में पूर्व खनित नलकूपों को हाईड्रोफेक्चरिंग पद्धति से पुनर्जीवित करने का कार्य बी.ओ.क्यू. अनुसार संपादित करना। (50 नग)

टेंडर आई.डी. क्रमांक	अनुमानित लागत (रुपयों में)	1. अर्नेस्टमनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्रमांक	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा क्रय की अंतिम तिथि
2021_PHED_164128_1	1090700/-	1. 21814/- 2. प्रथम आमंत्रण	60 दिवस	**28.10.2021 17:30 तक**

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेवसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
नोट : निविदा में किसी भी प्रकार का **संशोधन** वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. खंड-मन्दसौर
जी-18352/46093/2021 **मोबाइल नं. : 07422232190**

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग काउंसिल एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी **(एम.पी.टी.)** योग्यता बी.पी.टी.	2 वर्ष
3.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन **(एम.एम.एल.टी.)** योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
4.	बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी **(बी.पी.टी.)** 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
5.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष
6.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन **(डी.एम.एल.टी.)**	2 वर्ष
7.	सर्टिफिकेट इन एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन	1 वर्ष
8.	ओ.टी. टेक्निशियन **(ऑपरेशन थ्रीएटर)**	1 वर्ष
9.	एम.बी.ए.	2 वर्ष

क्रमांक 4 एवं 6 से लेकर क्रमांक 8 तक के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्र. 9 के लिए स्नातक किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY R-46106/2021

Mathuradevi Group of Institutions Indore

(A Unit of Gyan Vigyan Krida Vikas Sanstha)
Gram: Garipipliya, Aath Meel, Nemawar Road, Indore Pin 452018

REQUIRED

(Interviews under college code- 28 MDIM, MDIPS, MDIP, MDITM- (MBA, BA, B.Com, BSc, BBA, BCA)

Invites Applications for the Positions of

DIRECTOR
PRINCIPAL
PROFESSOR
Associate Professor
Assistant Professor

Eligibility & Salary:
As per AICTE & UGC norms

(Apply only NET QUALIFIED OR PHD candidates)

9009015999
9644264999 Saral

R-46108/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
ईमेल : eervskvv@gmail.com, फोन: 0751-2467680

No./IPRO/E.E./2021/Gwalior/1847 Dated: 21-10-2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

निविदा सूचना **No./E.E./Tender/2021/Gwalior/1826 date 18-10-2021** रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर के अंतर्गत भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा **Const. of border shed, poultry shed and covered cattle shed at KVK Morena (2021_RVSKV_164624_1), Supply and fixing vertical lift conveyor plate form lift at KVK Datia (2021_RVSKV_164625_1), Supply and fixing vertical lift conveyor plate form lift at KVK Morena (2021_RVSKV_164626_1), Supply and fixing vertical lift conveyor plate form lift ad COA Khandwa (2021_RVSKV_164627_1), Seed bed Nursery bed pot yard, packing yard, working shed, Display unit, Composting pit, Vermi composting at KVK Gwalior (2021_RVSKV_164628_1)** आमंत्रित की गई है। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि **10.11.2021** तक है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण पोर्टल **https:www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

ATM R-46109/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 163/MTN/2021

No./15778/22/D-12/NIT-Maint./2021 Bhopal, Dated : 22.10.2021

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. **Table No. 1 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Bhind	3	18919177.00
2.	Bhopal	1	1642000.00
3.	Damoh	1	2273887.00
4.	Harda	2	14864000.00
5.	Hoshangabad	4	33051434.00
6.	Indore	1	4229888.00
7.	Narsinghpur	8	84112317.00
8.	Raisen	2	4151459.00
9.	Rewa	1	13353803.00
10.	Sagar	2	7480653.00
11.	Seoni	1	19092163.00
12.	Sidhi	3	28152629.00
13.	Ujjain	2	4363845.00

2. **Table No. 2 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Ashoknagar	1	6145000.00
2.	Chhindwara	1	2442551.00
3.	Harda	1	9874000.00
4.	Indore	1	9105000.00
5.	Narshingpur	1	14135180.00
6.	Rewa	1	1266542.00
7.	Seoni	2	18748567.00
8.	Sidhi	1	3475551.00
9.	Shahdol	1	5482241.00
10.	Ujjain	1	1969918.00

3. **Table No. 3 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 15 YEAR)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	1209819.00
2.	Sehore	2	8229993.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **28.10.2021 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102384/46118/2021 **(T & e-G)**

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी-2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत प्रवेश हेतु (Institutional Preference Seats) सत्र 2021-22 (बी.टेक./बी.ई. पाठ्यक्रम के लिये)

बी.टेक./बी.ई. पाठ्यक्रम में संस्थागत प्राथमिकता सीटों (Institutional Preference Seats) के लिये काउंसलिंग **दिनांक 21.10.2021 से दिनांक 25.10.2021 तक** आयोजित होगी। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत स्थानों तक ही प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि अधिकृत वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441
Email : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
म.प्र. माध्यम/102328/46104/2021 **आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-54

No./15638/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 18.10.2021

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Chhindwara	1	79293.00
2	Damoh	2	7133658.00
3	Dhar	2	8268455.00
4	Guna	2	4286718.05
5	Raisen	1	2181397.00
6	Rajgarh	2	5711807.00
7	Sagar	1	2811700.00
8	Ujjain	1	561132.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **26.10.2021 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102319/46103/2021 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011

NOTICE INVITING TENDER FOR SQC CONSULTANCY

(E-Procurement Notice)

No. 15712/22/D-12/SQC/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 21.10.2021

Online bids are invited from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Rural Roads being constructed under PMGSY-III for the following districts.

- **No. of Packages – 31**

Name of Districts/PIU – Agar, Alirajpur, Barwani, Betul-1, Betul-2, Burhanpur, Chhatarpur, Chhatarpur, Chhindwara-1, Chhindwara-2, Damoh, Dewas-1 & 2, Dhar-1 & 3, Guna-2, Hoshangabad-1, Hoshangabad-2, Indore Jhabua, Katni-1 & 2, Khandwa, Narsinghpur, Panna-1, Panna-2, Raisen-2, Rewa-1 & 2, Sagar-2, Shajapur, Sheopur, Sidhi, Waidhan, Ujjain-1 & 2.

- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in from 17:00 hrs. on 25.10.2021.**
2. Last date of Submission of bid is **date 11.11.2021 upto 17.00 hrs.**

Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Roads and Bridge works August, 2020 (Updeted upto 28.06.2021) on our Website **http://mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102369/46105/2021 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 961 (PMGSY)

No./15635/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 18.10.2021

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below;

- **Name of Work -** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **Table 1 - SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 05.11.2019 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Dhar	1	36842000.00

1. Bid document may be purchase online from **26.10.2021 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **18.11.2021 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102318/46102/2021 **(T & e-G)**

चुनौतियों को हराकर पूरा किया सिविल सेवक बनने का सपना

सिविल सेवा परीक्षा 2020 में चयनित ग्वालियर की होनहार बेटी उर्वशी सेंगर से साक्षात्कार

अगर आप किसी चीज को पूरी अंतरात्मा से चाहें तो सारी कायनात आपको उसे मिलाने का प्रयास करती है। ग्वालियर की होनहार बेटी उर्वशी सेंगर ने सिविल सर्विस में आने का सपना उसी अंतरमन से देखा था और उसे पूरा करने के लिए उन्होंने 5 साल तक निरंतर परिश्रम किया। अपनी तैयारी के दौरान उन्हें नायब तहसीलदार बनने में कामयाबी मिली मगर उन्होंने लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतरता में कमी नहीं की। ग्वालियर के श्रमिक बहुल इलाके में एक आम मध्यमवर्गीय परिवार की होनहार बेटी उर्वशी के लिए सिविल सर्विस में सफलता पाना इतना आसान नहीं थी। उनके पास सीमित संसाधन थे एवं तमाम सफल अभ्यर्थियों की तरह उनका आर्थिक पक्ष और पारिवारिक पृष्ठभूमि बहुत मजबूत नहीं था। वे एक आम स्कूल में पढ़कर आगे आयीं, सरकारी कॉलेज से स्नातक किया मगर तमाम सुविधा संपन्न युवाओं के सामने उन्होंने खुद के आत्मविश्वास को कभी कमजोर नहीं होने दिया। अपने पिता, माता और एनसीसी ट्रेनर द्वारा दिखाई राह पर वे निरंतर चलती रहीं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब हुईं। संघर्षपूर्ण वातावरण से सिविल सेवा तक पहुंचने का उर्वशी सेंगर का सफर प्रदेश के युवाओं को प्रोत्साहित करेगा उन्हें आत्मविश्वास देगा। इसी लक्ष्य के साथ 'रोज़गार एवं निर्माण' ने उनसे साक्षात्कार लिया जिसके प्रमुख अंश इस प्रकार हैं :-

प्रश्न- सफलता पर बहुत शुभकामनाएं, आपने परीक्षा में कौन-से विषय लिए थे?

उर्वशी- जी धन्यवाद, मैंने मुख्य परीक्षा में भूगोल को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुना था।

प्रश्न- इन विषयों की पढ़ाई के लिए कौन-सी किताबें पढ़ीं?

उर्वशी- मैंने इंडियन एक्सप्रेस समाचार पत्र को नियमित रूप से पढ़ा। एनसीईआरटी की कक्षा 6 से 12वीं तक की मानक पुस्तकें पढ़ीं एवं सिविल सर्विस परीक्षा के लिए अपना बेस तैयार किया। योजना एवं कुरुक्षेत्र से चुनिंदा आलेख एवं परीक्षा के लिहाज से उनका उपयोग किया। भूगोल के लिए प्रचलित पुस्तकों के साथ ही साढ़े तीन माह के लिए कोचिंग में मार्गदर्शन भी लिया।

प्रश्न- आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या है?

उर्वशी- मैं एक बहुत ही सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार से हूं। मेरे पिता श्री रविन्द्र सेंगर एक इलेक्ट्रीशियन हैं एवं मेरी माताजी एक समर्पित गृहिणी हैं। हम तीन बहनें एवं एक भाई है। हम भाई बहनों में मुझसे बड़ी सिर्फ दीदी हैं। सीमित संसाधनों में माता-पिता ने बच्चों को अच्छी शिक्षा दी है और उन्हें समाज में कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित किया है।

प्रश्न- आपकी प्रारंभिक शिक्षा कहां से हुई?

उर्वशी- हमारा परिवार ग्वालियर के चार शहर का नाका स्थित ग्रेसिम विहार कॉलोनी में रहता है। मैंने अपनी स्कूली पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर बादलगढ़, किलागेट, ग्वालियर से पूरी की है। इसके बाद मैंने ग्वालियर के केआरजी कॉलेज से बीएससी की उपाधि प्राप्त की। सिविल सर्विस की तैयारी के दौरान मैंने भूगोल विषय से एमए भी किया है।

प्रश्न- इस परीक्षा के लिए आपको मोटीवेशन कहां से मिला, परीक्षा की तैयारी के लिए आपको सहयोग कहां से मिला?

उर्वशी- मेरे पिता हमेशा मेरी प्रेरणा रहे हैं। उन्होंने जीवन में संघर्ष करते हुए हम बच्चों को भी संघर्ष करते हुए हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। पिताजी और मां ने सिविल सर्विस की तैयारी के लिए न केवल मुझे प्रेरित किया, बल्कि निरंतर मुझे प्रोत्साहित किया। मेरी एनसीसी कोच रहीं श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने मुझे खुद पर विश्वास करना सिखाया। वे कहती थीं कि तुम्हारी प्रतिभा तुम्हें इस पद पर अवश्य पहुंचाएगी। तैयारी के दौरान उन्होंने मुझे हमेशा जुटे रहने का हौंसला दिया, जो मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहा। इसके साथ ही पढ़ाई के दौरान मैंने तत्कालीन कलेक्टर पी. नरहरि को वंचितों, पीड़ितों, दिव्यांगों के लिए काम करते देखा तो मैं स्वप्रेरित हुई कि सिविल सेवक बनकर मैं भी पूरे जिले की आम जनता के लिए बहुत कुछ कर सकती हूं। उनकी समस्याओं को हल कर सकती हूं। ये सामूहिक प्रेरणा ही मेरी आज की सफलता का आधार है।

प्रश्न- परीक्षा के लिए आपका क्या माध्यम रहा?

उर्वशी- मेरी स्कूली पढ़ाई हिन्दी माध्यम में हुई है एवं मैंने प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना माध्यम अंग्रेजी रखा। अंग्रेजी में खुद को मजबूत करने के लिए मैंने खुद को इम्प्रूव किया। मेरा मानना है कि अंग्रेजी सिर्फ एक भाषा है एवं आप चाहें तो उसे बखूबी सीख सकते हैं। हालांकि मैं कहना चाहूंगी कि सिविल सर्विस में माध्यम कोई भी हो यूपीएससी का सभी के प्रति समान व्यवहार रहता है। वहां सबसे महत्व इस बात का है कि आप जिस माध्यम में भी अपने उत्तर लिखें उसमें बेहतर ढंग से अभिव्यक्ति कर सकते हों।

प्रश्न- रणनीति के तहत आप प्रत्येक दिन पढ़ाई के लिए कैसे समय तय करतीं थीं?

उर्वशी- मैंने कभी भी घंटों के हिसाब से पढ़ाई नहीं की इसलिए मैं नहीं बता सकती कि मैं रोज कितने घंटे पढ़ती थी। सच बताऊं तो मैं हर दिन का पाठ्यक्रम तय करके पढ़ती थी और उसे उसी दिन पूरा करना मेरा लक्ष्य रहता था। कई बार होता था कि मैंने तीन घंटे में ही अपने दिन का टारगेट पूरा कर लिया तो कभी पूरा दिन मैं पढ़ती रही। इस तरह पढ़ाई के दौरान तय घंटों का बोझ मैंने अपने ऊपर कभी नहीं रखा। मैंने आनंदपूर्ण ढंग से अपना अध्ययन किया जो मेरी प्रसन्नता का विषय भी रहता था।

प्रश्न- किस विषय को सबसे ज्यादा समय दिया?

उर्वशी- चूंकि मैंने बीएससी की थी मगर सिविल सर्विस में अपना विषय भूगोल लिया था इसलिए यह विषय मेरे लिए नया था इस कारण से भूगोल को मैंने अपेक्षाकृत अधिक समय दिया। सामान्य अध्ययन सभी के लिए कॉमन है एवं उसका काफी विस्तार

है इसलिए समूचे पाठ्यक्रम को क्रमवार पढ़ते हुए उसे भी आवश्यकतानुसार पर्याप्त समय दिया।

प्रश्न- कठिन और मुश्किल विषयों को याद रखने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई?

उर्वशी- कोई भी विषय हमें जल्दी समझ में आ जाता है तो वह हमारे लिए सरल है और अगर उसे समझने में अतिरिक्त समय लग रहा है तो उसे थोड़ा कठिन कहा जा सकता है। कठिन को सरल बनाने के लिए उसे बार-बार पढ़ा, जिससे कंसेप्ट क्लियर हुए साथ ही विषय हर बार पढ़ने से आसान होता चला गया।

प्रश्न- परीक्षा देते समय टाइम मैनेजमेंट कैसे किया?

उर्वशी- मैंने तैयारी के दौरान अपने पाठ्यक्रम का लिखकर भी निरंतर अभ्यास किया था। मेरा मानना है कि लिखकर अभ्यास करने से न केवल आपके लेखन का स्तर सुधरता है, बल्कि आपकी गलतियां सामने आने से आप उन्हें हर बार सुधार की दिशा में आगे बढ़ते हैं। पेपर देते समय मेरा यह अभ्यास काफी उपयोगी रहा। इससे मैं तय समय में अपने जवाब लिख सकी। इसके साथ ही निरंतर टेस्ट सीरीज देने से भी उत्तर लिखने का अभ्यास मेरा हो चुका था इसलिए तय समय और निर्धारित शब्द-सीमा में अपने उत्तर लिख सकी। परीक्षा देते समय घड़ी पर नजर रखते हुए सभी प्रश्नों को समय से हल किया।

प्रश्न- वस्तुनिष्ठ प्रश्नों और विवरणात्मक प्रश्नों की तैयारी के लिए कौनसी प्रक्रिया अपनाई?

उर्वशी- राज्य सेवाओं की तुलना में यूपीएससी के प्रश्नों का स्तर विश्लेषण पर अधिक केन्द्रित रहता है। दोनों ही परीक्षाओं के लिए उनका पैटर्न समझ में आना बहुत जरूरी है तभी आप तैयारी की दिशा तय कर सकते हैं। मैंने पुराने प्रश्नपत्र देखे और प्रारंभिक परीक्षा के प्रश्नों की पद्धति को देखते हुए पाठ्यक्रम पूरा किया। मुख्य परीक्षा में विश्लेषण और सटीक लेखन का महत्व है। इसके लिए गहराई से सभी टॉपिक तैयार किए और पढ़े हुए को लिखने का अभ्यास किया। मानक उत्तरों को देखकर आवश्यक सुधार किया।

प्रश्न- क्या दिल्ली जैसे बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों के युवा तैयारी में मुश्किलें पाते हैं?

उर्वशी- अब ऑनलाइन विकल्पों के कारण अब यह बहुत बड़ा मुद्दा नहीं रह गया है। निश्चित रूप से छोटे शहरों के युवाओं को तैयारी की दिशा और परीक्षा का स्वरूप समझने के लिए अतिरिक्त मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है मगर यह मार्गदर्शन अब इंटरनेट के माध्यम से घर बैठे भी मिल सकता है। पहले की तुलना में इंटरनेट सस्ता और तीव्र गति से हम सबके लिए उपलब्ध है। आज इंटरनेट के माध्यम से अनेक शिक्षक अपना मार्गदर्शन देते हैं इसलिए अगर आपने तय कर लिया है तो तैयारी में यह बाधा का विषय नहीं हो सकता।

प्रश्न- साक्षात्कार के लिए आपकी क्या योजना रही?

उर्वशी- साक्षात्कार के समय मैं अपने मूल व्यक्तित्व में बोर्ड के सामने जाना चाहती थी इसलिए मैंने इसके लिए कोचिंग में मॉक इंटरव्यू आदि नहीं दिए। मेरा मानना है कि आपका व्यक्तित्व धीरे-धीरे एक सतत् प्रक्रिया से बनता है। स्कूल एवं कॉलेज के दौरान मैंने एनसीसी ली थी जिसने मेरे व्यक्तित्व एवं आत्मविश्वास को बेहतर बनाया। लोगों से बात करने, उनके सामने खुद को प्रस्तुत करने एवं सवालों के आत्मविश्वास के साथ जवाब देने में मेरा एनसीसी का अनुभव बहुत उपयोगी रहा। एनसीसी में रहते हुए मैंने अनेक यात्राएं कीं, अनेक चुनौतियों का सामना किया, अनेक टारगेट फेस किए एवं उनको पूरा किया। इस तरह स्कूल एवं कॉलेज में सह शैक्षिक गतिविधियों में मेरी सहभागिता ने मुझे साक्षात्कार के लिए पूर्व से तैयार कर दिया था। मैंने सहजता व आत्मविश्वास के साथ अपना साक्षात्कार दिया।

प्रश्न- जिस पद को लेकर आपका चयन हुआ है उस पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए आपके क्या विचार हैं इस पद को लेकर आपका क्या दृष्टिकोण है?

उर्वशी- मेरा सिविल सर्विस में चयन हुआ है एवं अभी यह तय नहीं है कि मुझे आईपीएस मिलेगा अथवा कौनसी दूसरी सेवा का अवसर। समग्र रूप से कहूं तो यह बहुत ही गरिमापूर्ण सेवा है एवं इसमें चयन मेरे लिए गौरव की बात है। मैं अपनी पूरी ईमानदारी से शासन-प्रशासन के कार्य को जनकल्याण की दिशा में संपादित करूंगी एवं देशहित में कर्मठ एवं जवाबदेह लोकसेवक के रूप में अपना उत्तरदायित्व निभाउंगी।

प्रश्न- क्या आप उच्च वरीयता के लिए आगे भी प्रयास करेंगी?

उर्वशी- बिल्कुल मेरे पास अभी कई अटैम्प्ट बाकी हैं एवं सिविल सर्विस की तैयारी के समय से मेरा पहला लक्ष्य भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने का रहा है। तीसरे प्रयास में चयनित होने के बाद मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है एवं इसने मेरे प्रथम लक्ष्य की तैयारी के लिए और अधिक प्रेरित किया है। मुझे खुशी होगी कि मैं दुबारा आपको आईएएस में चयनित होकर साक्षात्कार दे सकूं।

प्रश्न- 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी?

उर्वशी- युवा साथी अगर इस क्षेत्र में आना चाहते हैं तो मेरे विचार से सबसे पहले वे खुद को मानसिक रूप से तैयार करें। सिविल सेवा निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण कॅरियर है एवं इसके लिए हमें अनुशासनबद्ध होकर तैयारी करनी होती है। सभी युवा साथी धैर्य, संयम, लगन और निरंतरता का खुद में विकास करें तो यह उनकी तैयारी को काफी सकारात्मक दिशा देगा। प्रारंभिक असफलताओं से कतई निराश न हों बल्कि खुद का विश्लेषण करते हुए अपने प्रयास में आवश्यक सुधार करें। परिवार और अपने मित्र समूह से जुड़ें रहें क्योंकि वह आपको निरंतर हौंसला एवं आत्मविश्वास देते हैं। आर्थिक समस्या आपको परेशान कर सकती है, लेकिन पराजित नहीं। अपना मनोबल रखते हुए चुनौतियों का समाधान करते हुए तैयारी करते रहें आपको सफलता जरूर मिलेगी।

- विवेक पाठक

(लेखक - स्वतंत्र पत्रकार हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - खेल

1. पैरा खिलाड़ी मानसी जोशी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करतीं हैं?
(अ) बैडमिंटन (ब) एथेलेटिक्स
(स) टेनिस (द) टेबल टेनिस

2. इस वर्ष कनाडा ओपन में पुरुष एकल वर्ग के विजेता बने हैं?
(अ) मिलोस राओनिक
(ब) एंडी मरे
(स) जॉन इस्नर
(द) डेनिल मेदवेदेव

3. इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथेलेटिक्स फेडरेशन का मुख्यालय किस देश में है?
(अ) मोनाको (ब) मलेशिया
(स) अमेरिका (द) द. अफ्रीका

4. डर्बी कप किस खेल से संबंधित है?
(अ) फुटबॉल (ब) घुड़दौड़
(स) हॉकी (द) गोल्फ

5. वर्ष 2011 में किस देश ने फीफा महिला वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) अमेरिका (ब) नीदरलैंड्स
(स) जापान (द) जर्मनी

6. इनमें से किस बल्लेबाज के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड है?
(अ) डेविड वॉर्नर
(ब) शाहिद अफरीदी
(स) वीरेन्द्र सहवाग
(द) मिस्बाह उल हक

7. पी.वी. सिंधु ने टोक्यो ओलिंपिक में कौन-सा पदक जीता है?
(अ) स्वर्ण पदक (ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

8. डे-नाइट टेस्ट मैच की एक पारी में पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज हैं?
(अ) उमेश यादव (ब) इशांत शर्मा
(स) जसप्रीत बुमराह
(द) रविचंद्रन अश्विन

9. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी भारतीय फुटबॉल टीम का सदस्य नहीं है?
(अ) अनिरुद्ध थापा (ब) उदांता सिंह
(स) सुभाशीष बोस (द) दीपक पूनिया

10. किदांबी श्रीकांत किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) बैडमिंटन (ब) टेनिस
(स) टेबल टेनिस (द) नौकायन

11. भारत ने एशियन गेम्स-2018 में कितने स्वर्ण पदक जीते थे?
(अ) 12 (ब) 15
(स) 19 (द) 22

12. इस वर्ष कोपा अमेरिका कप की मेजबानी किस देश ने की थी?
(अ) अर्जेंटीना (ब) कोलंबिया
(स) ब्राजील (द) पैराग्वे

13. इनमें से किस कार रेसर की मृत्यु फॉर्मूला-वन रेस के दौरान हुई थी?
(अ) एर्टन सेना
(ब) माइकल शूमाकर
(स) जिम क्लार्क (द) जॉनी हर्बर्ट

14. मार्गरेट कोर्ट ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में कितने बार महिला एकल खिताब जीता है?
(अ) 10 बार (ब) 11 बार
(स) 13 बार (द) 15 बार

15. टोक्यो ओलिंपिक में पुरुषों की 400 मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक विजेता है?
(अ) क्रिस्टिन वारहोम
(ब) रे बेंजामिन
(स) रोनाल्ड लेवी
(द) इनमें से कोई नहीं

16. इस वर्ष वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित की गई है?
(अ) बुडापेस्ट (हंगरी)
(ब) बेलग्रेड (सर्बिया)
(स) पेरिस (फ्रांस)
(द) ऑस्लो (नॉर्वे)

17. वर्ष 2019 में किस देश ने फीफा अंडर-20 वर्ल्डकप जीता था?
(अ) यूक्रेन (ब) ब्राजील
(स) द. कोरिया (द) पुर्तगाल

18. इस वर्ष रशियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस के विजेता रहे हैं?
(अ) लैंडो नॉरिस
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) वाल्टेरी बोटास
(द) मैक्स वर्स्टापेन

19. कुमार संगाकारा ने टेस्ट क्रिकेट में कितने दोहरे शतक बनाये हैं?
(अ) 8 (ब) 10
(स) 11 (द) 12

20. वर्ष 2018 में किस खिलाड़ी को एफआईएच में 'प्लेयर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड मिला था?
(अ) मनप्रीत सिंह (ब) जैक वेटन
(स) बैरी मिडलटन
(द) ऑर्थर वान डोरेन

21. वर्ष 1992 में ओलिंपिक खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) बार्सिलोना (ब) अटलांटा
(स) मॉस्को (द) एथेंस

उत्तरमाला

1. (अ), 2. (द), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (स), 8. (ब), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (स), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (अ), 18. (ब), 19. (स), 20. (द), 21. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

दूरस्थ शिक्षा

शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन के नए अवसर

शिक्षकों के लिये 6 महीने और एक वर्ष की अवधि के कार्यक्रम

आज दुनिया में सामाजिक-आर्थिक वातावरण बदलने के कारण सभी व्यवसायों में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। इस तरह के बदलावों से प्रोफेशनल्स को नई दक्षता और विशेषज्ञता हासिल करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। सामाजिक-आर्थिक वातावरण में परिवर्तन से स्कूली शिक्षा का पेशा भी अछूता नहीं रहा है। बदलते सामाजिक-आर्थिक और तकनीकी वातावरण ने स्कूली शिक्षा की व्यवस्था में कई परिवर्तन किये हैं। स्कूल के शिक्षकों के लिए कई नई पेशेवर चुनौतियां सामने आ रही हैं। इससे उन्हें नए कौशल और दक्षताओं को प्राप्त करने की जरूरत है।

शिक्षकों की नई आवश्यकताओं के अनुसार क्षमता वृद्धि के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न पहल की गई हैं। हालांकि परंपरागत रूप से सिर्फ बी.एड. कार्यक्रम इनके लिये विभिन्न विश्वविद्यालयों में उपलब्ध था, लेकिन आज 6 महीने और एक वर्ष की अवधि के कई कार्यक्रम भी लोकप्रिय हो रहे हैं।

अक्सर यह देखा जाता है कि शिक्षक नौकरी मिलने के बाद अपनी प्रोफेशनल उन्नति पर ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं। यह कोई स्वस्थ प्रवृत्ति नहीं है। अपने बी.एड. कार्यक्रम को पूरा करने के बाद भी शिक्षकों को अपनी दक्षताओं को लगातार अपग्रेड करना चाहिए, ताकि वे पेशेवर चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। आज क्षमता निर्माण के कई अवसर उपलब्ध हैं, जो शिक्षकों को अपने ज्ञान को समृद्ध और अद्यतन करने के अवसर देते हैं।

इग्नू ऐसा ही एक संगठन है, जिसने बी.एड. कार्यक्रम के अलावा स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की व्यावसायिक उन्नति के लिए विभिन्न अवधि के कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। ये कार्यक्रम या तो 6 महीने की अवधि के होते हैं, जिन्हें प्रमाण पत्र कार्यक्रम कहा जाता है या एक वर्ष की अवधि के होते हैं, जिन्हें डिप्लोमा कार्यक्रम कहा जाता है। प्रमाण पत्र कार्यक्रम 6 महीने की अवधि के हैं, लेकिन उन्हें अधिकतम दो साल की अवधि के भीतर पूरा किया जा सकता है। इसी प्रकार डिप्लोमा कार्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के होते हैं, लेकिन इसे तीन वर्ष के भीतर पूरा किया जा सकता है।

ऐसे कुछ अकादमिक कार्यक्रम जो आपको प्रोफेशनल उन्नति के अवसर देते हैं, इस प्रकार हैं। गौरतलब है कि इग्नू अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए इनमें से कुछ कार्यक्रम निःशुल्क प्रदान करता है। आप इस लिंक पर ऐसे कुछ चयनित कार्यक्रमों की अधिसूचना और सूची देख सकते हैं : www.ignou.ac.in/userfiles/CamScanner%2006-28-2021%2011_50_49.pdf. इस संदर्भ में आप 6 सितंबर 2021 को 'रोज़गार और निर्माण' में प्रकाशित लेख को भी देख सकते हैं। नियमों और विनियमों के बारे में विस्तृत और अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आप वेबसाइट (www.ignou.ac.in) पर इग्नू के प्रॉस्पेक्टस को पढ़ सकते हैं। यह इग्नू की वेबसाइट पर निःशुल्क डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एजुकेशनल टेक्नोलॉजी

(Postgraduate Diploma in Educational Technology)

आज तकनीकी प्रगति ने हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रभावित किया है। शिक्षण व्यवसाय भी इसके लिए अपवाद नहीं हैं। टेक्नोलॉजी ने शिक्षार्थियों और टीचर्स को सशक्त बनाने के लिए न केवल नई संभावनाएं बनाई हैं, बल्कि शिक्षा प्रदान करने के तरीकों और साधनों को भी बदल दिया है। प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जन शिक्षा के लिए नए रास्ते तैयार हुए हैं और शिक्षार्थियों को अधिक सशक्त बनाना संभव हुआ है। यही कारण है कि दुनिया के लगभग सभी देशों में सरकारें प्रौद्योगिकी को शैक्षिक प्रणालियों में एकीकृत करने की आवश्यकता महसूस कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान यूनेस्को और 'कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग' जैसे संगठनों ने स्कूल शिक्षा में प्रौद्योगिकी के प्रभावी एकीकरण के लिए विभिन्न देशों को प्रोत्साहित करने के लिए कई पहल की हैं। शिक्षा में इन नई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षक और प्रशिक्षकों को तैयार रहने की जरूरत है। इस संदर्भ में इग्नू द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एजुकेशनल टेक्नोलॉजी कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और अन्य पेशेवरों के एक संवर्ग को विकसित करना है, जो उचित प्रौद्योगिकियों की मदद से शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए तकनीकी रूप से कुशल हो सकें। कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- शैक्षिक प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए शिक्षकों को तैयार करना और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए कौशल विकसित करना;
- शैक्षणिक और प्रबंधकीय कार्यों के लिए विवेकपूर्ण ढंग से प्रौद्योगिकी का चयन और उपयोग करना;
- सीखने के लिए एक समावेशी वातावरण बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना;
- शैक्षणिक प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना और विभिन्न मीडिया में डिजिटल संसाधनों की डिजाइन और कोर्स वेयर बनाने के लिए इनका उपयोग करना।

कोई भी ग्रेजुएट यह कोर्स कर सकता है। इस कार्यक्रम के लिए शुल्क 6600 रुपये है।

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्कूल लीडरशिप एंड मैनेजमेंट

(Postgraduate Diploma in School Leadership and Management)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभावी स्कूल नेतृत्व के लिए आवश्यक कौशल, दक्षताओं, और मूल्यों का विकास करना है। यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए उस समय बड़ा मददगार है, जब वे प्राचार्यों की जिम्मेदारियां संभालेंगे। यह प्रधानाचार्यों को एक प्रभावी और सक्षम वातावरण बनाने में भी सक्षम बनाता है। इसका उद्देश्य स्कूलों की क्षमता और प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रतिभाशाली और सक्षम प्रधानाचार्यों का एक संवर्ग विकसित करना है। कार्यक्रम, राष्ट्रमंडल सचिवालय, लंदन के शिक्षा खंड के सहयोग से विकसित किया गया है। कार्यक्रम के उद्देश्य हैं-

- प्रभावी स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन के लिए आवश्यक कौशल, दक्षताओं और मूल्यों को विकसित करना।
- प्रधान शिक्षकों/प्रधानाचार्यों को एक प्रभावी और सक्षम वातावरण बनाने में सक्षम बनाना।
- स्कूल के समग्र प्रदर्शन में सुधार करना।
- प्रधानाध्यापकों/प्राचार्य का प्रशिक्षित और सक्षम संवर्ग विकसित करना।

इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में छात्रों को विस्तारित संपर्क कार्यक्रम के लिए क्षेत्रीय केंद्र में आमंत्रित किया जाता है, जो इस कार्यक्रम का अनिवार्य घटक है। इस संपर्क कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय आपको प्रभावी स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन के लिए आवश्यक कौशल और दक्षताओं को विकसित करने में ट्रेन करता है। इस कार्यक्रम के लिए पात्रता एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री के साथ प्रिंसिपल (भावी या सेवा में) है या उम्मीदवार एक स्नातक/स्नातकोत्तर शिक्षक होना चाहिए। इस कार्यक्रम के लिए निर्देश का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी दोनों है। इसका शुल्क 6600 रुपये है।

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एजुकेशनल मैनेजमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन

(Post graduate Diploma in Educational Management and Administration)

लंबे समय से बेहतर प्रशासन और प्रबंधन के लिए स्कूलों में प्रशिक्षित जनशक्ति की जरूरत महसूस की जा रही है। हालांकि अधिकांश शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार के कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत शिक्षकों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इग्नू ने इस कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न शिक्षा प्रणालियों और संगठनों में प्रशासनिक और प्रबंधन स्तरों में प्रशिक्षित जनशक्ति की लगातार बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए की है। इसका उद्देश्य मौजूदा और उभरते शैक्षिक परिदृश्य में स्कूलों के प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन के लिए कौशल प्रदान करना है। यह प्रशासन और शैक्षिक प्रबंधन के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। यदि आप एक शिक्षक हैं और भविष्य में एक प्रिंसिपल बनने का इरादा रखते हैं तो यह कार्यक्रम आपको उन जिम्मेदारियों को निभाने के लिए आवश्यक दक्षताओं को प्राप्त करने में मदद करेगा। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं :

- शैक्षिक संगठनों की प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाने के लिए शैक्षिक संस्थानों के प्रबंधकों के व्यक्तिगत प्रदर्शन में सुधार करना।
- कार्यस्थल पर पारस्परिक संबंध, नेतृत्व और टीम निर्माण और प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्णय लेने में कौशल का उन्नयन करना।
- शैक्षिक संस्थानों में प्रबंधन, अवधारणाओं और उनके अनुप्रयोगों की बुनियादी समझ विकसित करने के लिए।

कोई भी ग्रेजुएट यह कोर्स कर सकता है। इस कार्यक्रम के लिए शुल्क 7000 रुपये है।

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्री प्राइमरी एजुकेशन

(Postgraduate Diploma in Pre-primary Education)

पूर्व-प्राथमिक शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित जनशक्ति की मांग लगातार बढ़ रही है। इस कार्यक्रम को मौजूदा और उभरते शैक्षिक परिदृश्य में स्कूल पूर्व शिक्षा के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं को व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं :

- पूर्व-स्कूल शिक्षकों की पेशेवर दक्षताओं को मजबूत करना।
- स्कूल पूर्व बच्चों को प्रभावी ढंग से शिक्षित करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना और उनकी विकास संबंधी जरूरतों को समझना।
- स्कूल पूर्व प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की समझ विकसित करना।

कोई भी ग्रेजुएट यह कोर्स कर सकता है। इस कार्यक्रम के लिए शुल्क 9600 रुपये है।

डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन

(Diploma in Early childhood care and Education)

नई शिक्षा नीति के मद्देनजर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा एक महत्वपूर्ण डोमेन के रूप में उभरा है। इस क्षेत्र में प्रशिक्षित जनशक्ति की बहुत आवश्यकता है। इग्नू द्वारा शुरू किए गए इस शैक्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य इस क्षेत्र में प्रशिक्षित जनशक्ति की मांग को पूरा करना है। साथ ही यह कार्यक्रम प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वालों के लिए निरंतर ज्ञान और कौशल उन्नयन के लिए है। यह एक समग्र पैकेज है, जो शिक्षार्थी को छोटे बच्चों (यानी जन्म से 6 वर्ष की आयु के बच्चों) के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित करता है। यह उन लोगों के लिए रुचि का होगा, जो विभिन्न सेटिंग्स में छह आयु वर्ग के जन्म में बच्चों के साथ काम कर रहे हैं। इसके अलावा शिशु गृह, प्री-स्कूल, प्री-प्राइमरी कक्षाएं और नर्सरी स्कूल में काम करने वाले लोगों के लिये यह कार्यक्रम बहुत उपयोगी है। परियोजना कार्य कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसे किसी भी प्ले-स्कूल सेटिंग में पूरा करना होता है। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी, हिंदी और तमिल है। इस कार्यक्रम के लिए पात्रता 10+2 या इसके समकक्ष है। निर्धारित शुल्क 3000 रुपये है।

मार्गदर्शन में प्रमाण पत्र

(Certificate in Guidance)

'मार्गदर्शन में प्रमाण पत्र' इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की एक संयुक्त परियोजना है। यह कार्यक्रम उन सभी लोगों के लिए है, जो बच्चों को समझने और मार्गदर्शन करने में रुचि रखते हैं। उदाहरण के लिए शिक्षक, माता-पिता, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वैच्छिक एजेंसियां आदि। इस कार्यक्रम के लिए शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी, हिंदी और ओडिया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है :

- शैक्षिक संदर्भ में बाल विकास के बारे में समझ विकसित करना।
- सामाजिक-भावनात्मक विकास के लिए प्राथमिक स्कूली बच्चों के मार्गदर्शन में शामिल अवधारणाओं और प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना।
- विशेष जरूरतों और समस्याओं के साथ बच्चों की पहचान करना।
- बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुगम बनाने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुझाव देना।

इस कार्यक्रम के लिए पात्रता मान्यता प्राप्त संस्थानों के शिक्षक या मैट्रिक/एसएससी पास यक्ति हैं। कार्यक्रम शुल्क 2000 रुपये है।

दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी के शिक्षण में प्रमाण पत्र

(Teaching of English as a Second Language)

अधिकांश भारतीय छात्र अपनी दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी का अध्ययन करते हैं। इसलिए शिक्षकों को दूसरी भाषा के रूप में उन्हें अंग्रेजी सिखाने के बारे में एक समझ विकसित करने की जरूरत है। अधिकांश भारतीय शिक्षकों को दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी पढ़ाने की जटिलताओं की समझ नहीं है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषा शिक्षण की प्रभावशीलता को बढ़ाना है। यह शिक्षार्थियों की समझ, सीखने की प्रक्रिया और अंग्रेजी भाषा की संरचना विकसित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह शिक्षकों को अंग्रेजी सिखाने के तरीके के बारे में ट्रेन करता है। इस कार्यक्रम के लिए पात्रता मानदंड 10+2 है और निर्धारित शुल्क 2400 रुपये है।

कार्यात्मक अंग्रेजी में प्रमाण पत्र (बुनियादी स्तर)

Certificate in Functional English (Foundation Level)

हमारे जैसे बहुभाषी समाज में अंग्रेजी भाषा के बारे में बुनियादी समझ जरूरी है। इस भाषा में प्रभावी ढंग से पढ़ने, लिखने और बोलने की बुनियादी न्यूनतम आवश्यकताओं को विकसित करने की बहुत आवश्यकता है। इग्नू के इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंग्रेजी भाषा में शिक्षार्थियों की प्रवीणता में सुधार करना है। कार्यक्रम का उद्देश्य आपको सुनने, बोलने, पढ़ने, लिखने और व्याकरण के कौशल के बारे में प्रशिक्षित करना है। साथ ही यह शिक्षार्थियों को कुछ पेशेवर कौशल से भी परिचित कराएगा, जो उन्हें नौकरी के लिए तैयार करेंगे। यह पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों को प्रभावी ढंग से संवाद करने और अपने दैनिक जीवन के सभी क्षेत्रों में विश्वास के साथ लिखने के लिए सक्षम बनाता है। इस कार्यक्रम के लिए पात्रता मानदंड 10+2 है और निर्धारित शुल्क 4000 रुपये है।

प्राथमिक विद्यालय गणित के शिक्षण में प्रमाण पत्र कार्यक्रम

(Certificate in Teaching of Primary School Mathematics)

गणित का शिक्षण काफी चुनौतीपूर्ण है। गणित पढ़ाने के अपर्याप्त कौशल के कारण कई छात्र गणित के लिए एक मानसिक ब्लॉक विकसित करते हैं और इस विषय में उनकी रुचि को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि शिक्षकों को अभिनव तरीकों से गणित पढ़ाने में कुशल होना चाहिए जो विषय को छात्रों के लिए दिलचस्प बना देगा।

इग्नू द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम आपको गणित सिखाने के लिए अभिनव तकनीकों के बारे में एक तरह से प्रशिक्षित करता है, जिससे छात्र इसको सकारात्मक तरीके से लेते हैं। हालांकि इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से प्री-प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के लिए तैयार किया गया है, स्कूली बच्चों के साथ काम करने वाले एन.जी.ओ. में काम करने वाले लोगों को भी यह कार्यक्रम दिलचस्प लगेगा। इसका मूल उद्देश्य प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को अपने गणित शिक्षण की रणनीतियों को अपने छात्रों की पृष्ठभूमि के अनुरूप बदलने में मदद करना है। इसके अलावा, इसका उद्देश्य इन शिक्षकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रियाओं और गणित शिक्षण की पेचीदगियों की समझ समाज के एक व्यापक वर्ग को उपलब्ध कराना भी है। इस कार्यक्रम का एक विशेष घटक एक परियोजना कार्य है जो छात्रों को छोटे बच्चों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने और यह देखने में मदद करता है कि वे गणित की बुनियादी अवधारणाओं को कैसे समझते हैं। कम से कम 10वीं कक्षा वाला कोई भी वयस्क इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पात्र है। यह कार्यक्रम हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के लिए शुल्क 1800 रुपये है।

मूल्य शिक्षा में प्रमाण पत्र कार्यक्रम

(Certificate in Value Education)

यह छह महीने का प्रमाण पत्र कार्यक्रम है, जो शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में मूल्य शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बनाया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को उनकी शिक्षण प्रक्रियाओं में मूल्यों को एकीकृत करने के लिए उन्मुख करना है इस कार्यक्रम के लिए पात्रता न्यूनतम 10+2 या इसके समकक्ष और अध्ययन का माध्यम अंग्रेजी है। निर्धारित शुल्क 1800 रुपये है।

उपर्युक्त कार्यक्रमों के अलावा कुछ अन्य कार्यक्रम भी हैं, जिन्हें शिक्षक अपने लिये बहुत प्रासंगिक पाएंगे। ऐसे दो कार्यक्रम 'एचआईवी और परिवार शिक्षा में प्रमाण पत्र' और 'एचआईवी और परिवार शिक्षा में डिप्लोमा' हैं। ये दोनों कार्यक्रम मूल रूप से शिक्षकों को स्कूलों में किशोर बच्चों में व्यवहार संबंधी मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद करते हैं। आपने देखा होगा कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम बहुत ही रुचिकर एवं नए क्षेत्रों में हैं, जो अन्य शिक्षण संस्थानों में नहीं पढ़ाए जा रहे हैं। इसके अलावा, भले ही आप कहीं भी काम कर रहे हैं, तब भी आप इन कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इग्नू ने अपनी वेबसाइट www.ignou.ac.in पर इन कार्यक्रमों के पूरे कोर्स मैटेरियल्स, ऑडियो/विजुअल्स, विस्तृत सिलेबस और पुराने प्रश्नपत्र अपलोड किए हैं। आप सामग्री देख सकते हैं और फिर प्रवेश के बारे में निर्णय ले सकते हैं।

- डॉ. उमेशचन्द्र पाण्डेय
(लेखक - इग्नू, भोपाल में क्षेत्रीय निदेशक, हैं।)

खेल चर्चा

बीसीसीआई ने कोच पद के लिये मांगे आवेदन

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के नये कोचिंग स्टाफ के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बीसीसीआई ने मुख्य कोच के साथ-साथ गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच के लिये आवेदन मांगे हैं। बीसीसीआई ने मुख्य कोच पद के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर तय की है, जबकि अन्य पदों के लिये तीन नवम्बर तक आवेदन किये जा सकते हैं। बीसीसीआई ने मुख्य कोच के लिये कुछ योग्यताएं निर्धारित की हैं, जिसके तहत मुख्य कोच पद के लिये उम्मीदवार की उम्र 60 वर्ष से कम हो और उसने कम से कम 30 टेस्ट और 50 वन-डे खेले हों या किसी राष्ट्रीय टीम का दो साल तक कोच रहा हो या आईपीएल अथवा प्रथम श्रेणी टीम का तीन साल तक कोच रहा हो या बीसीसीआई का लेवल तीन सर्टिफिकेट हासिल किया हो।

हरभजन और श्रीनाथ बने एमसीसी के मानद सदस्य

लंदन, क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने भारत के पूर्व गेंदबाज हरभजन सिंह और जवागल श्रीनाथ को आजीवन मानद सदस्यता प्रदान की है। एमसीसी ने इन दोनों के अलावा 16 अन्य खिलाड़ियों को भी आजीवन मानद सदस्यता प्रदान की है। एमसीसी ने एक बयान जारी कर कहा कि इस वर्ष की सूची में टेस्ट दर्जा प्राप्त 12 देशों में से 8 देशों के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सूची में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के चार-चार खिलाड़ी, वेस्टइंडीज के तीन, ऑस्ट्रेलिया और भारत के दो-दो तथा न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे और श्रीलंका के एक-एक खिलाड़ी शामिल किये गये हैं।

कर्टिस कैंफर ने चार गेंदों में लिये चार विकेट

आबुधाबी, आयरलैंड के युवा क्रिकेटर कर्टिस कैंफर ने आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप में इतिहास रच दिया है। कैंफर ने विश्वकप के क्वालिफाइंग राउंड में नीदरलैंड्स के खिलाफ चार गेंदों में चार विकेट झटके। ट्वेंटी-20 विश्वकप के इतिहास में यह कारनामा करने वाले कैंफर विश्व के पहले गेंदबाज हैं। कैंफर से पहले श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और अफगानिस्तान के राशिद खान भी ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार चार गेंदों में चार विकेट झटक चुके हैं, लेकिन ट्वेंटी-20 विश्वकप में यह कारनामा पहली बार हुआ है। यह ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की 19वीं तथा विश्वकप की दूसरी हैट्रिक है।

न्यूजीलैंड सीरीज में द्रविड़ होंगे टीम इंडिया के कोच

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिये टीम इंडिया के अंतरिम कोच बन सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राहुल द्रविड़ से अंतरिम कोच बनाये जाने के संबंध में चर्चा की है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि टीम इंडिया के मुख्य कोच रवि शास्त्री और सपोर्ट स्टाफ का कार्यकाल आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के तुरंत बाद समाप्त हो रहा है। वहीं विश्वकप के बाद नवम्बर और दिसम्बर 2021 में न्यूजीलैंड की टीम ट्वेंटी-20 और टेस्ट सीरीज के लिये भारत का दौरा करेगी।

सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप

भारत आठवीं बार बना चैंपियन

माले, भारतीय फुटबॉल टीम ने दक्षिण एशिया फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सैफ चैंपियनशिप में अपना दबदबा बरकरार रखते हुये एक बार फिर खिताब अपने नाम किया है। भारत ने रिकॉर्ड आठवीं बार यह टूर्नामेंट जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में नेपाल को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया।

पहला हाफ रहा गोलरहित

फाइनल मुकाबले में भारत को शुरुआत से जीत का दावेदार माना जा रहा था। पहली बार सैफ चैंपियनशिप का फाइनल खेल रही नेपाल की टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी। पहला हाफ गोलरहित रहा। पहले हाफ में भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन नेपाल की शानदार रक्षापंक्ति ने भारतीय टीम को पहले हाफ में गोल करने से रोके रखा।

दूसरे हाफ में भारतीय टीम का दबदबा

पहले हाफ में भारतीय स्ट्राइकरों को रोके रखने वाली नेपाली रक्षापंक्ति दूसरे हाफ में बिखर गई। भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ की शुरुआत से ही नेपाल के गोल पोस्ट पर तावड़तोड़ आक्रमण किये। भारत को जल्द ही इसका लाभ मिला। मैच के 49वें मिनट में भारतीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गोल दागकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। नेपाली फुटबॉल टीम इस झटके से उबर भी नहीं पाई थी कि

- **अब तक 13 बार सैफ चैंपियनशिप आयोजित की गई है, इनमें से आठ बार भारत बना है विजेता।**
- **इगोर स्टिमैक की कोचिंग में भारत ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है।**
- **स्टिमैक तीसरे विदेशी कोच हैं, जिनकी कोचिंग में भारत ने यह टूर्नामेंट जीता है।**
- **स्टिमैक से पहले जिरि पेसेक (वर्ष 1993) और स्टीफन कॉन्सटेंटाइन (वर्ष 2015) के मार्गदर्शन में भी भारत सैफ चैंपियन बना है।**

इसके अगले ही मिनट में सुरेश सिंह वांगजम ने गोल कर भारतीय टीम की बढ़त दोगुना कर दी। मैच के इंजरी टाइम में सहल अब्दुल समद ने बेहद खूबसूरत गोल कर भारतीय टीम को 3-0 से आगे कर दिया। मैच इसी स्कोर लाइन पर समाप्त हो गया।

छेत्री ने की मेसी की बराबरी

सैफ चैंपियनशिप में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। छेत्री ने इस बार टूर्नामेंट में पांच मैचों में पांच गोल दागे हैं। छेत्री ने फाइनल मुकाबले में भी अपनी बेमिसाल ड्रिब्लिंग स्किल्स दिखाते हुये गोल किया है। इस गोल के साथ ही छेत्री ने सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल करने के मामले में विश्व के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की बराबरी कर ली है। छेत्री और मेसी दोनों ने 80-80 गोल किये हैं। दोनों खिलाड़ी सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते 8 पदक

मुंबई, नेशनल सेलिंग स्कूल, भोपाल के खिलाड़ियों ने मुंबई में याचिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यूथ नेशनल सेलिंग चैंपियनशिप-2021 में 3 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीते। खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने पदक विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

चैंपियनशिप में रितिका दांगी ने लेजर 4.7 इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं नेहा ठाकुर ने इसी इवेंट में रजत पदक पर कब्जा जमाया। यह इवेंट एशियन गेम्स के चयन ट्रायल का दूसरा दौर भी है। ऑप्टिमिस्ट ओवरऑल में एकलव्य वाथम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी स्पर्धा में बालिका वर्ग में दिव्यांशी मिश्रा ने ओवरऑल तीसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक मध्यप्रदेश को दिलाया। 420 मिक्स्ड क्लास इवेंट में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक भी मध्यप्रदेश की झोली में आए। इस इवेंट में नैंसी राय और अनी राज सेंधव की जोड़ी ने स्वर्ण, विद्यांशी मिश्रा और मनीश शर्मा को रजत तथा पुष्कर बामरे तथा वंशिका सिंह परिहार ने कांस्य पदक जीते। अंडर-12 ऑप्टीमिस्ट क्लास में शगुन झा ने रजत पदक मध्यप्रदेश को दिलाया। ये सभी खिलाड़ी राजधानी भोपाल की बड़ी झील स्थित नेशनल सेलिंग स्कूल में अर्जुन अवॉर्डी प्रशिक्षक श्री जी.एल. यादव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

एशिया कप-2023 की मेजबानी करेगा पाकिस्तान

मनीला, पाकिस्तान वर्ष 2023 में एशिया कप की मेजबानी करेगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में 2023 में होने वाले वन-डे एशिया कप के आयोजन की जिम्मेदारी पाकिस्तान को दी गई है। वर्ष 2023 में वन-डे वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में होना है। ऐसे में पाकिस्तान की टीम इस दौरान भारत आयेगी।

एसीसी की बैठक में पाकिस्तान को एशिया कप की जिम्मेदारी दे दी गई है। वर्ष 2022 में श्रीलंका एशिया कप की मेजबानी करेगा और यह ट्वेंटी-20 फॉर्मेट में खेला जायेगा। बीसीसीआई के सचिव और एसीसी के अध्यक्ष जय शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला हुआ। पाकिस्तान पहले ही साफ कर चुका है कि वह घरेलू मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित नहीं करेगा। जानकारी के अनुसार पीसीबी और बीसीसीआई दोनों ने इस फैसले के बारे में पुष्टि कर दी है। जल्द ही इसका पूरा शेड्यूल जारी किया जायेगा।

टीम इंडिया अंतिम बार एशिया कप खेलने ही 2008 में पाकिस्तान गई थी। तब भी वन-डे के ही मुकाबले हुये थे। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान 2 बार आमने-सामने हुये।

बीसीसीआई ने पाकिस्तान जाने से किया था इनकार

बता दें कि 2020 में एशिया कप को होस्ट करने की बारी पीसीबी की थी, लेकिन बीसीसीआई ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। पीसीबी ने बीसीसीआई के मना करने के बाद श्रीलंका क्रिकेट के साथ होस्टिंग अधिकारों की अदला-बदली की थी, लेकिन कोरोना के कारण श्रीलंका क्रिकेट 2020 और 2021 दोनों ही टूर्नामेंट को होस्ट नहीं कर पाया था।

पाकिस्तान के लिये बड़ी उपलब्धि

जहां न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने पाकिस्तान के साथ खेलने से मना कर दिया था। वहां पाकिस्तान को एशिया कप होस्ट करने का मौका मिला है। इसको लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये अध्यक्ष रमीज राजा ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया है।

इंडियन वेल्स ओपन में नॉरी और बाडोसा बनीं चैंपियन

कैलिफोर्निया, कोरोना महामारी के कारण बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में आयोजित हुआ इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट बेहद रोमांचक रहा। टूर्नामेंट में पुरुष और महिला एकल वर्ग का खिताब ऐसे खिलाड़ियों ने जीता, जो विश्व रैंकिंग में शीर्ष-25 में शामिल नहीं हैं।

पुरुष एकल में नॉरी बने चैंपियन

ब्रिटेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कैमरन नॉरी ने इंडियन वेल्स ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। नॉरी ने टूर्नामेंट के फाइनल में जॉर्जिया के निकोलोज बासिलाश्विली को रोमांचक मुकाबले में 3-6, 6-4, 6-1 से हराया। यह नॉरी के टेनिस कॅरियर का पहला प्रमुख एटीपी-1000 खिताब है। इससे पहले नॉरी सैन डिएगो ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे, लेकिन तब उन्हें आंद्रे रूबलेव के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

बाडोसा ने जीता महिला एकल खिताब

इंडियन वेल्स ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब स्पेन की पाउला बाडोसा ने जीता। बाडोसा ने फाइनल मुकाबले में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को कड़े मुकाबले में 7-6, 2-6, 7-6 से हराया। मैच के पहले और तीसरे सेट का फैसला टाई ब्रेकर में हुआ। बाडोसा ने ये दोनों सेट अपने नाम किये। बाडोसा पहली बार इंडियन वेल्स ओपन टूर्नामेंट में खेल रही थीं। बाडोसा पहली बार में ही यह टूर्नामेंट जीतने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी हैं। बाडोसा से पहले सेरेना विलियम्स ने वर्ष 1999 तथा बियांका आंद्रेस्क्यू ने वर्ष 2019 में पदार्पण करके यह टूर्नामेंट जीता था। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब जॉन पियर्स और फिलिप पोलासेक की जोड़ी ने जीता, वहीं महिला युगल वर्ग में सीह सुवेई और इलिस मर्टेंस की जोड़ी चैंपियन बनी।

आईपीएल-2021

चेन्नई सुपर किंग्स ने चौथी बार जीता खिताब

दुबई, महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2021 का खिताब अपने नाम किया। चेन्नई ने चौथी बार यह टूर्नामेंट जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में चेन्नई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 27 रनों से हराया।

फाइनल मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। चेन्नई को ऋतुराज गायकवाड़ (32) और फॉफ डुप्लेसिस ने मजबूत शुरुआत दिलाई। गायकवाड़ 61 रन के स्कोर पर आउट हुये। इसके बाद रॉबिन उथप्पा ने 15 गेंदों में 31 रनों की तूफानी पारी खेली, वहीं डुप्लेसिस (86) एक छोर पर टिके रहे। इनके अलावा मोइन अली ने भी 37 रन बनाये। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 192 रन बनाये। जीत के लिये मिले 193 रनों के लक्ष्य के जवाब में कोलकाता ने आक्रामक शुरुआत की। कोलकाता के सलामी बल्लेबाज

शुभमन गिल (51) और वेंकटेश अय्यर (50) ने पहले विकेट के लिये 64 गेंदों में 81 रनों की साझेदारी की। जब तक ये दोनों बल्लेबाज क्रीज पर थे, कोलकाता की जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही पारी बिखर गई। कोलकाता के 8 विकेट 125 रन के स्कोर पर गिर गये। हालांकि अंतिम ओवरों में शिवम मावी और लॉकी फर्ग्यूसन ने तेज पारी खेली। कोलकाता नाइट राइडर्स 20 ओवरों में 165 रन ही बना सकी।

- **चेन्नई सुपर किंग्स ने वर्ष 2010, 2011 और 2018 में भी जीता है आईपीएल का खिताब।**
- **कोलकाता नाइट राइडर्स वर्ष 2012 और 2014 में बना है आईपीएल चैंपियन।**
- **चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में सर्वाधिक 635 रन बनाये।**
- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हर्षल पटेल ने इस सत्र में सर्वाधिक 32 विकेट लिये।**

शाकिब बने ट्वेंटी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

ओमान, बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाकिब ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। इससे पहले ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा के नाम था। मलिंगा ने 84 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 107 विकेट लिये हैं। वहीं शाकिब के नाम ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 89 मैचों में 111 विकेट हो गये हैं। शाकिब ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 1783 रन भी बनाये हैं। शाकिब ने यह उपलब्धि आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप के क्वालिफाइंग राउंड में स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की। इस मैच में स्कॉटलैंड ने बड़ा उलटफेर करते हुये बांग्लादेश को 6 रन से हराया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

सामयिकी

यूएन मानवाधिकार परिषद् का भारत छठवीं बार सदस्य बना

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् (यूएनएचआरसी) में भारत 2022-24 के लिए पुनः निर्वाचित हुआ है।

- **संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अमेरिका को जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् के लिए पुनः चुन लिया है।**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। मिशन ने लिखा है कि भारत छठवीं बार भारी बहुमत से यूएनएचआरसी के लिए पुनः निर्वाचित हुआ। एक अन्य ट्वीट में कहा, हम सम्मान, संवाद, सहयोग के माध्यम से मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के लिए काम करना जारी रखेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरिट्रिया, फिनलैंड, जाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका का चयन गुप्त मतदान के जरिये किया।

कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन

एयर इंडिया पर निर्णय भारत के एविएशन सेक्टर को नई ऊर्जा देगा - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्वभर के बौद्ध समाज के लिए भारत श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की यह सुविधा, उनकी श्रद्धा को अर्पित पुष्पांजलि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध के ज्ञान से लेकर महापरिनिर्वाण तक की संपूर्ण यात्रा का साक्षी यह क्षेत्र आज सीधे दुनिया से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों को विकसित करने के लिए, बेहतर कनेक्टिविटी के लिए, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के निर्माण पर भारत द्वारा आज विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश सबका साथ और सबका प्रयास की सहायता से सबका विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, कुशीनगर का विकास, उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन का चाहे जो स्वरूप हो, चाहे वह आस्था के लिये या

आराम के लिये; उसके लिये रेल, सड़क, हवाई मार्ग, जल मार्ग, होटल, अस्पताल, इंटरनेट कनेक्टिविटी, स्वच्छता, सीवर उपचार और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने वाली नवीकरणीय ऊर्जा से युक्त सभी आधुनिक अवसंरचना की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा, ये सब आपस में जुड़े हैं और इन सब पर एक साथ काम करना अहम है। आज का 21वीं सदी का भारत इसी पथ पर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि उड़ान योजना के तहत बीते कुछ सालों में 900 से अधिक नए रूट्स को स्वीकृति दी जा चुकी है, इनमें से 350 से अधिक पर हवाई सेवा शुरू भी हो चुकी है। पचास से अधिक नए एयरपोर्ट या जो पहले सेवा में नहीं थे, उनको चालू किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री ने उत्तरप्रदेश में विमानन सेक्टर के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में एयर कनेक्टिविटी (वायु संपर्कता) में लगातार सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कुशीनगर एयरपोर्ट से पहले ही आठ एयरपोर्ट चालू हो चुके हैं। लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर के बाद जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर काम चल रहा है। इसके अलावा अयोध्या, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद और श्रावस्ती में एयरपोर्ट परियोजनाएं चल रही हैं।

एयर इंडिया पर हाल में लिये गये फैसले का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का एविएशन सेक्टर प्रोफेशनली चले, सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता मिले, इसके लिए हाल में एयर इंडिया से जुड़ा बड़ा कदम देश ने उठाया है। उन्होंने कहा, यह कदम भारत के एविएशन सेक्टर को नई ऊर्जा देगा। ऐसा ही एक बड़ा रिफॉर्म डिफेंस एयरस्पेस को सिविल यूज़ के लिए खोलने से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल में लॉन्च ड्रोन नीति से कृषि से स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन से रक्षा तक के क्षेत्रों में जीवनोपयोगी बदलाव आयेगा।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में लॉन्च किए गए प्रधानमंत्री गति शक्ति - राष्ट्रीय मास्टर प्लान के बारे में कहा कि इससे गवर्नेंस में तो सुधार आएगा ही, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सड़क हो, रेल हो, हवाई जहाज़ हो, ये एक दूसरे को सपोर्ट करें, एक दूसरे की क्षमता बढ़ाएं।

'एक्स युद्ध अभ्यास-21'

अलास्का में भारत और अमेरिकी सैनिकों का संयुक्त अभ्यास शुरू

भारत और अमेरिका के सैनिकों का संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'एक्स युद्ध अभ्यास-21' अमेरिका के अलास्का में

- **14 दिनों के इस अभ्यास में मुख्य तौर पर संयुक्त राष्ट्र के निर्देशों के तहत आतंकवाद का सामना करने और इन्हें हराने का प्रशिक्षण दिया जाना है। पेंटागन के अनुसार अभ्यास में अमेरिकी सेना के फर्स्ट स्क्वाड्रन के 300 जवान और भारतीय सेना की 7 मद्रास इन्फेंट्री बटालियन के 350 जवान भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में दोनों देशों के सैनिक जवाबी कार्रवाई और आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त अभियान के लिए अभ्यास करेंगे।**

एमेंडार्फ रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर शुरू हो गया। अभ्यास की शुरुआत के मौके पर दोनों देशों के राष्ट्रध्वज फहराए गए और राष्ट्रगान गाए गए। यह जानकारी अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने दी है। वहीं भारतीय रक्षा मंत्रालय ने पहले ही बता दिया था कि इस अभ्यास का आयोजन 15 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक किया जाएगा।

अभ्यास के उद्घाटन समारोह में अमेरिकी सेना की अलास्का इकाई के प्रमुख मेजर जनरल ब्रायन ईफ्लर ने भारतीय दल का स्वागत किया। उन्होंने अनुरोध किया कि दोनों दल एक-दूसरे को समझने, अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और ज्यादा तालमेल के साथ लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह अभ्यास करें। इस दौरान विचारों का खुलकर आदान-प्रदान करें। दोनों दल अपनी-अपनी गुणवत्ता वाली गतिविधियों से एक-दूसरे को अवगत कराएं।

अमेरिका और चीन में टकराव की आशंका बढ़ी

चीन के राष्ट्रीय दिवस पर ताइवान को परेशान करने के लिए रिकॉर्ड संख्या में सैन्य विमान भेजने के बाद बीजिंग ने धमकाने वाली कार्रवाइयों में कमी की है, लेकिन तनाव अब भी बरकरार है।

इन सैन्य अभ्यासों को उचित ठहराने की चीन की कोशिश और बयानबाजी जारी है। विशेषज्ञ इस बात को लेकर सहमत हैं कि सीधे संघर्ष होने की आशंका इस समय नहीं है, लेकिन स्वशासित ताइवान के भविष्य को लेकर स्थिति कभी भी खतरनाक बन सकती है।

उनका कहना है कि किसी भी एक हादसे या गलत अनुमान के कारण ऐसे समय में संघर्ष की स्थिति बन सकती है, जब चीनी, अमेरिकी महत्वाकांक्षाएं एक-दूसरे से विपरीत हैं। चीन रणनीतिक और प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण द्वीप को फिर से अपने नियंत्रण में लेना चाहता है, अमेरिका ताइवान मामले को चीन की ओर से बढ़ती चुनौतियों के संदर्भ में देखता है। चीन और अमेरिका के बीच टकराव की स्थिति 1996 में पैदा हुई थी।

विकसित देश

शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए कानून बनाएं

भारत ने मांग की है कि विकसित देशों को मौजूदा दशक तक ही शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के लिए कानून बनाना चाहिए।

- **सतत् विकास के संदर्भ में भारत की विकासात्मक अनिवार्यता गरीबी उन्मूलन, नागरिकों के लिए बुनियादी जरूरतों का प्रावधान और सभी के लिए ऊर्जा तक पहुंच है।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने विश्व बैंक की विकास समिति में अपने संबोधन में कहा कि हम व्यापक रूप से पर्यावरण के अनुकूल उपायों और समावेशी विकास रणनीति का समर्थन करते हैं, लेकिन हम सावधान करना चाहेंगे कि यह रणनीति ग्राहक देशों के एनडीसी के अनुरूप होनी चाहिए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अपनी अमेरिकी समकक्ष जेनेट येलेन से धनशोधन से निपटने, अवैध आर्थिक गतिविधियों और आतंकवाद के वित्त पोषण का मुकाबला करने पर चर्चा की। भारत-अमेरिका आर्थिक एवं वित्तीय साझेदारी (ईएफपी) की आठवें दौर की बातचीत के दौरान दोनों

नेताओं के बीच यह बैठक हुई। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा है। भारत मध्यम अवधि में अर्थव्यवस्था को राजकोषीय समेकन के रास्ते पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कोरोना को रोकने के लिए सबका टीकाकरण जरूरी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक में कहा भारत मानता है कि कोरोना को रोकने के लिए सबका टीकाकरण जरूरी है, कम आय वाले देशों व विकसित देशों के टीकाकरण कवरेज में अंतर चिंता का विषय है।

चीन ने किया परमाणु क्षमता वाली

हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट

चीन ने पहली बार परमाणु क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट किया है। यूके डेली एनएचके वर्ल्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने इस हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट अगस्त में किया था। खबर के मुताबिक ये मिसाइल अपने लक्ष्य तक जाने से पहले लो आर्बिट स्पेस में गई। हालांकि चीन का ये टेस्ट नाकाम हो गया और मिसाइल अपने लक्ष्य से चूक गई। इसके बावजूद ये टेस्ट चीन की महत्वाकांक्षी और हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक की तरफ किए गए प्रयासों का एक कदम था। ज्ञात रहे कि रूस और अमेरिका भी हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम कर रहे हैं।

इस तरह की मिसाइल आवाज से करीब 5 गुना तेज गति से रफ्तार भरते हुए अपने लक्ष्य को नष्ट करती है। इसकी बेहद तेज गति की वजह से इसको ट्रैक कर पाना काफी मुश्किल होता है। एनएचके के मुताबिक जानकारों का मानना है कि यदि

चीन इस मिसाइल तकनीक का सफल परीक्षण कर लेता है, तो इससे अमेरिका और जापान के मिसाइल डिफेंस सिस्टम पर प्रभाव पड़ सकता है।

गौरतलब है कि चीन बीते कुछ वर्षों से सैन्य सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से कदम आगे बढ़ा रहा है। इसकी एक वजह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपनी धाक जमाना तो है, लेकिन इससे आगे बढ़कर वो सर्वशक्तिमान होने का भी तमगा हासिल करना चाहता है। वो लगातार उन क्षेत्रों में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है जिसमें अमेरिका का वर्चस्व है। जैसे अंतरिक्ष में वो अपना एक स्पेस स्टेशन तैयार कर रहा है।

स्विट्जरलैंड में भारतीय कला केंद्र स्थापित

भारतीय कला केंद्र को ज्यूरिख में स्थित प्रसिद्ध संग्रहालय रिटबर्ग में स्थापित किया गया है। इसमें रिसर्च फेलो प्रसिद्ध संग्रह से अपने मूल कला कार्यों के साथ जुड़ सकते हैं। यह केंद्र उन विद्वानों, क्यूरेटरों और कलाकारों के लिए है जो कि भारतीय चित्रकला के विशेषज्ञ हैं। यहां पर रिसर्च फेलो को अपने स्वयं के डिजाइन की एक परियोजना में तीन से छह महीने के लिए प्रसिद्ध संग्रह से मूल कला कार्यों के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। इसके अलावा वे संग्रहालय के विद्वानों की टीम के साथ-साथ स्विट्जरलैंड और यूरोप के विशेषज्ञों के साथ भी काम करेंगे।

इस कला केंद्र को तीन विशेषज्ञों ने स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। इनमें प्रोफेसर बी.एन. गोस्वामी भारतीय विशेषज्ञ हैं। अन्य दो संस्थापकों में अमेरिका से प्रोफेसर मिलो क्लीवलैंड और स्विट्जरलैंड से डॉक्टर एबरहार्ड फिशर शामिल हैं।

भारत-श्रीलंका

संयुक्त सैन्य अभ्यास से बढ़ायेंगे तालमेल

भारतीय सेना ने कहा कि भारत और श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास से द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूती मिलने के साथ ही दोनों सशस्त्र बलों में तालमेल को भी बढ़ावा मिलेगा।

भारतीय सेना ने भारतीय और श्रीलंकाई सेना के बीच अभ्यास मित्र शक्ति-21 के 8वें संस्करण के समापन पर यह बातें कहीं जिसका समापन श्रीलंका के पूर्वी जिले अम्पारा में हुआ।

इसमें कर्नल प्रकाश कुमार के नेतृत्व में भारतीय सेना के 120 जवानों ने भागीदारी की। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल एमएम नरवणे और श्रीलंका सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ कमांडर जनरल शैवेंद्र सिल्वा संयुक्त रूप से अभ्यास में मौजूद रहे। इस दौरान थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने अभ्यास देखा और प्रशिक्षण के उच्च मानकों के लिए दोनों देशों के सैनिकों की सराहना की।

- **अपनी यात्रा के दौरान सेनाध्यक्ष ने श्रीलंकाई नौसेना के मुख्यालय का भी दौरा किया और इसके कमांडर वाइस एडमिरल निशांत उलुगेटन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस संबंध में भारतीय सेना ने एक ट्वीट में कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।**

श्रीलंका सेना ने कहा कि सैन्य अभ्यास को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद, अंतर-संचालन कौशल, संयुक्त सामरिक अभियानों के संचालन, एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करने की समझ बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

गर्भवती माताओं के लिए स्वास्थ्य योजनाएं

जननी सुरक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना

योजना का लाभ लेने के लिए :-

- प्रसव स्वास्थ्य संस्था में ही करवाएं।
- गर्भवती महिला अपना बैंक खाता नंबर एवं समग्र आईडी साथ लेकर आएं।
- टिटनेस का टीका लगवाएं।
- फॉलिक एसिड, कैल्शियम एवं आयरन फॉलिक एसिड (IFA) की गोलियों का नियमित सेवन करें।
- गर्भावस्था के दौरान एलबेन्डाजॉल की एक गोली का सेवन भी आवश्यक रूप से किया जाना है।
- फॉलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम एवं एलबेन्डाजॉल की गोली सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

अस्पताल जाने एवं वापस घर आने हेतु
नि:शुल्क जननी एक्सप्रेस/108 वाहन उपलब्ध हैं।

यह स्वास्थ्य सुविधाएं सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/ ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता/ आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें

तीन बात से डरे कोरोना – दूरी, मास्क, हाथ को धोना

मास्क/फेस कवर पहनें | दो गज दूरी बनाएं | हाथों को अच्छे से साबुन और पानी से धोएं

सभी नियमों का पालन करेंगे और करायेंगे हम कोरोना से बचेंगे और अपनों को बचायेंगे।

दो डोज़ पूर्ण सुरक्षा संपूर्ण

गर्भवती तथा धात्री महिलाओं हेतु कोविड-19 के टीके शासकीय टीकाकरण केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

M.P.Madhyam/102378/R-46119/2021

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।